



दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार

प्रदेश के ताजा समाचार

अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत

7014997449, 9636058201

Email : deshkadarpannews@gmail.com

web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, गुरूवार, 11 सितम्बर, 2025 | मूल्य : 5.00 | पेज:


## टैरिफ वॉर: नरम पड़े ट्रंप के तेवर




**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के सकारात्मक जिक्र पर गर्मजोशी से प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता दोनों देशों के बीच साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। कि दोनों देश व्यापार वार्ता को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।

**पीएम मोदी ने क्या कहा?**
पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वाताएं भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। हमारी टीमें इन चचाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत के लिए भी उत्सुक हूं। हम दोनों देशों के लोगों के लिए एक उज्जवल और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।'

### दोस्त मोदी से बातचीत करने के लिए उत्सुक: ट्रंप



ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं। मैं आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे मित्र, प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे दोनों महान देशों के लिए एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी! पीएम मोदी की यह टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के कुछ घंटों बाद आई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता को सफलतापूर्वक पूरा करने में कोई कठिनाई नहीं होगी और वह आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे दोस्त मोदी से बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं।

**टैरिफ पर भारत के अडिग रुख से ट्रंप का यूटर्न**
भारत पर 50 फीसदी टैरिफ (रूस से तेल खरीदने के लिए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ समेत) लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद उनके कड़े बयानों से संबंधों में हफ्तों तक तनाव के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में हाल ही में सुधार के संकेत मिले हैं। हाल ही में यह दूसरी बार है, जब ट्रंप ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों की सराहना की है।

### कांग्रेस ने पीएम मोदी से पूछे तीखे सवाल

**नई दिल्ली**
**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय समानों पर 50 % टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए है। ऐसे में जब चर्चा का बाजार गर्म हुआ तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दूसरे को गर्मजोशी भरे संदेश भी दिए। इसके बाद अब इस मामले में कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस ने तंज कसते हुए सवाल उठाया है कि क्या भारत और अमेरिका वाकई इतने पक्के दोस्त हैं कि ट्रंप ने 35 से ज्यादा बार खुद को भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का सूत्रधार बताया है? बता दें कि मामले में बढ़ते विवाद के बीच ट्रंप ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वाताएं जारी हैं और उन्हें विश्वास है कि दोनों देश जल्द ही एक सफल समझौते पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही अपने अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी से बात करने को लेकर उत्साहित हैं।

### अक्तूबर में भारत आएंगे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर

**मुंबई**
मुंबई अगले महीने वैश्विक वित्तीय और तकनीकी नेतृत्व का केंद्र बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर 7 से 9 अक्तूबर तक होने वाले तीन दिवसीय ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) में हिस्सा लेंगे। यह वार्षिक कार्यक्रम दुनियाभर से नीति निमार्ताओं, निवेशकों और वित्तीय विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने के लिए जाना जाता है। इस सम्मेलन में जर्मनी, फ्रांस, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर जैसे देशों के केंद्रीय बैंक और नियामक संस्थाएं भी भाग लेंगी। साथ ही, लगभग 500 वैश्विक निवेशक और 400 प्रदर्शक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

## फर्जी खबरों पर लगाम लगाने की तैयारी

### संसदीय समिति ने की दंडात्मक प्रावधान में संशोधन की सिफारिश




**नई दिल्ली**
सरकार ने फर्जी खबरों पर लगाम लगाने की तैयारी की है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने फर्जी खबरों को सार्वजनिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए खतरा बताया है। समिति ने फर्जी खबरों से निपटने के लिए दंडात्मक प्रावधानों में संशोधन, जुमार्ना बढ़ाने और जवाबदेही तय करने की सिफारिश की है। समिति ने सभी प्रिंट, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों में फैक्ट चेक तंत्र और आंतरिक लोकपाल की तैनाती की भी मांग की है। सूत्रों के हवाले से पीटीआई ने बताया कि समिति ने फर्जी खबरों की चुनौती से निपटने के लिए सरकारी, निजी और स्वतंत्र तथ्य-जांचकर्ताओं सहित सभी हितधारकों के बीच सहयोगात्मक प्रयास सहित कई सुझाव दिए हैं। समिति ने रिपोर्ट को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। समिति की सिफारिशों में कहा गया है कि समिति सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से यह सुनिश्चित करने की इच्छा रखती है कि देश के सभी प्रिंट, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठनों में तथ्य-जांच तंत्र और आंतरिक लोकपाल को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। अगले सत्र में इस रिपोर्ट को संसद द्वारा पारित किए जाने की संभावना है। संपादकों और विषय-वस्तु प्रमुखों को, संस्थागत विफलताओं के लिए मालिकों और प्रकाशकों को, फर्जी समाचारों को फैलाने के लिए बिचौलियों और प्लेटफार्मों को जवाबदेही सौंपने की मांग करते हुए प्रकाशन प्रसारण पर नकेल कसने के लिए मौजूदा अधिनियमों और नियमों के तहत दंडात्मक प्रावधानों में संशोधन की जरूरत बताई है। समिति ने यह भी कहा कि इसमें मीडिया निकायों और संबंधित हितधारकों के बीच आम सहमति बनाने की प्रक्रिया शामिल होनी चाहिए और उसी से यह उभर कर सामने आना चाहिए।

## गठबंधन की अटकलें: उद्धव ने फिर की राज ठाकरे से मुलाकात



**मुंबई**
शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे से मुलाकात की। दोनों दलों के बीच गठबंधन की चर्चाओं के बीच ठाकरे परिवार ने उनसे मुलाकात की। दोनों दलों के प्रमुखों और उनके नेताओं के बीच राज ठाकरे के आवास 'शिवतीर्थ' पर बैठक हुई। दोनों चचेरे भाइयों के बीच यह दूसरी सार्वजनिक मुलाकात है। इससे पहले उद्धव गणेश उत्सव के अवसर पर शिवतीर्थ गए थे।

**राज पिछले महीने 'मातोश्री' गए थे**
महाराष्ट्र सरकार द्वारा कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए त्रि-भाषा फॉमूर्ले और राज्य में हिंदी थोपने संबंधी अपने विवादास्पद सरकारी आदेशों को वापस लेने के बाद दोनों ने 5 जुलाई को एक मंच साझा किया था। राज पिछले जुलाई में ही उद्धव को उनके जन्मदिन की बधाई देने के लिए बांद्रा स्थित मातोश्री गए थे। हालांकि, अब तक उद्धव और राज की पार्टियों के बीच किसी भी तरह के गठबंधन का आधिकारिक एलान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों पार्टियों ने संकेत दिए हैं कि वे स्थानीय निकाय चुनावों में साथ आ सकते हैं।
अगर ऐसा हुआ, तो इनका मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा होगी।

### बीएमसी चुनाव में भाजपा से मुकाबले की तैयारी?

अब तक उद्धव और राज की पार्टियों के बीच किसी भी तरह के गठबंधन का आधिकारिक एलान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों पार्टियों ने संकेत दिए हैं कि वे स्थानीय निकाय चुनावों में साथ आ सकते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो इनका मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा होगी। ऐसे तो राज ठाकरे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच अच्छे रिश्ते माने जाते हैं, लेकिन राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि महाराष्ट्र की राजनीति आने वाले समय में किस ओर घुमती है।

### नेपाल के हालात से सबक सीखे भारत

**मुंबई**
नेपाल में विरोध प्रदर्शन के बाद बिगड़े हालात को लेकर सामना ने मोदी सरकार को सख्त हिदायत दी है। सामना में प्रकाशित संपादकीय में कहा गया है कि नेपाल में आग बेरोजगारी और गुस्से की चिंगारी से भड़की है। भारत को इससे सबक सीखना चाहिए। बेरोजगारी, लोकतंत्र का विनाश और बढ़ती जाति-धर्म की राजनीति देश के लिए बेहद खतरनाक हैं। सामना में लिखा गया कि भारत में रोजगार का नाश हो गया है। 80 करोड़ लोगों को सरकार द्वारा मुफ्त दिए जाने वाले पांच से दस किलो राशन पर गुजारा करना पड़ रहा है। मोदी-शाह लोकतंत्र का नाश करके चुनाव जीत रहे हैं।

## अमेरिकी टैरिफ पर कूटनीतिक स्तर पर बातचीत जारी: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**मुंबई**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ जारी व्यापार विवाद को सुलझाने के लिए कूटनीतिक स्तर पर बातचीत तेज कर दी है। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर 50% आयात शुल्क लगा दिया है। इसका असर झींगा, वस्त्र, चमड़ा और जूता-चप्पल जैसे श्रम-आधारित उद्योगों पर पड़ रहा है। सीतारमण ने कहा कि भारत की ओर से सभी दरवाजे खुले रखे गए हैं और अमेरिका से बातचीत जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत बातचीत को किसी भी तरह मुश्किल नहीं बनाना चाहता। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पिछले महीने भारत आने वाला था, लेकिन उसने अपनी यात्रा स्थगित कर दिया। इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों में तनातनी और गहरी हो गई है। उच्च टैरिफ से भारत के कई उद्योगों के निर्यात पर बुरा असर पड़ा है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
दोनों देशों के बीच वस्तु और सेवा क्षेत्र में 191 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। हालांकि, मौजूदा विवाद ने इस रिश्ते पर दबाव बढ़ा दिया है।

**भारत में अमेरिकी निवेश की बड़ी हिस्सेदारी**
अमेरिका भारत में तीसरा सबसे बड़ा निवेशक है। अप्रैल 2000 से जून 2025 तक अमेरिका से भारत में 76.26 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है। यह भारत को मिले कुल एफडीआई का करीब 10% है। इसलिए यह विवाद दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को गहराई से प्रभावित कर सकता है।

## एआई और सॉफ्टवेयर से बदलेगा गाड़ियों का भविष्य, कामगार सीखें नई तकनीक: रिपोर्ट



**नई दिल्ली**
देश में गाड़ियों का भविष्य अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सॉफ्टवेयर आधारित वाहनों (एसडीवी) से बदलने जा रहा है। इसके लिए एक रिपोर्ट में गाड़ियां बनाने वाले कामगारों और इंजीनियर्स को नई तकनीक सीखने की सलाह दी गई है। ऑटोमोबाइल कौशल विकास परिषद (एएसडीसी) वार्षिक सम्मेलन में जारी क्रीमकॉलर कंपनी की 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सॉफ्टवेयर आधारित वाहन (एसडीवी) के लिए नई दक्षताएं और प्रशिक्षण' रिपोर्ट में कार निमार्ता कंपनियों, सरकार और शिक्षण संस्थानों से इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को एआई के लिए तैयार करने की वकालत की गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि गाड़ियों में एआई और सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल तेजी से बढ़ेगा, इसलिए कामगारों और अभियंताओं को नई तकनीक सीखने की जरूरत है। पुरानी तकनीक अब पर्याप्त नहीं रही, क्योंकि ऑटोमोबाइल क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। रिपोर्ट में बुनियादी, मध्यम और उच्च स्तर के प्रशिक्षण सुझाए गए हैं ।
इनसे कर्मचारियों की स्किल बढ़ेगी और भारत में एआई, सुरक्षा तकनीक और सॉफ्टवेयर के विशेषज्ञ तैयार होंगे। इससे विदेशी तकनीक पर निर्भरता कम होगी और भारत अपनी तकनीक विकसित कर सकेगा। क्रीमकॉलर कंपनी के प्रमुख किरण कुमार जी.जे. ने कहा कि गाड़ियां अब सॉफ्टवेयर पर चल रही हैं और यह सौ साल में सबसे बड़ा बदलाव है। एआई इस बदलाव को और तेज कर रहा है। यह रिपोर्ट कंपनियों और नेताओं के लिए एक गाइड है कि वे अपने कर्मचारियों को नई तकनीक सिखाने के लिए क्या करें।

## भारत स्वच्छ वायु-पर्यावरण संरक्षण को कटिबद्ध: केंद्र

### 11 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरों को नवाचार के लिए पुरस्कृत किया गया



**नई दिल्ली**
केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत 130 एनसीएपी शहरों में 11 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरों को स्वच्छ वायु के मिशन को आगे बढ़ाने में उत्कर्ष प्रतिबद्धता और नवाचार के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अब तक वायु प्रदूषण कम करने के उपाय को लागू करने हेतु महत्वपूर्ण अंतराल निधि के रूप में 130 शहरों को वायु गुणवत्ता प्रदर्शन से संबंधित 13237 करोड़ का अनुदान दिया गया है। केंद्रीय मंत्री यादव ने आगे कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, अमृत स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सतत नगर वन योजना जैसी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संसाधनों के अभिसरण से धन जुटा रहा है। केंद्र सरकार में वायु गुणवत्ता में सुधार और टिकाऊ हरित बुनियादी राज्य के विकास के लिए विभिन्न केंद्रीय योजनाओं और मंत्रालयों के कार्यक्रमों के माध्यम से 73350 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और स्थानीय निकायों ने भी 82 हजार करोड़ रुपए का योगदान दिया है। इसके परिणाम स्वरूप 130 शहरों में कुल 1.55 लाख करोड़ रुपए की वित्तीय व्यवस्था की गई है।
उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के माध्यम से 130 शहरों में से 103 शहरों में धूल के मोटे कणों के स्तर पर वायु व्यवस्था में सुधार लाने में प्रगति हुई है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर रिजिजू का विपक्ष पर तंज



**नई दिल्ली**
केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए और विपक्षी गठबंधन के मित्र सांसद एकजुट रहे। इसके लिए विपक्षी इंडी गठबंधन के सांसदों को विशेष धन्यवाद। मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन विजयी रहे हैं। चुनाव नतीजों के बाद ऐसा अनुमान है कि विपक्षी गठबंधन के कई सांसदों ने भी एनडीए उम्मीदवार के लिए वोट किया।

**विपक्षी सांसदों को दिया विशेष धन्यवाद**
किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'एनडीए और हमारे सभी मित्र सांसद एकजुट रहे। इंडी गठबंधन के कुछ सांसदों को भी विशेष धन्यवाद, जिन्होंने अपनी अंतरात्मा के आधार पर एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को वोट दिया। उन सभी को धन्यवाद, जिन्होंने एक सच्चे देशभक्त को देश का नया उपराष्ट्रपति चुना।'

**कांग्रेस ने बताया- भाजपा की नैतिक और राजनीतिक हार**
वहीं कांग्रेस ने विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी की जीत को सम्मानित करार दिया और कहा कि उन्हें उपराष्ट्रपति चुनाव में 40 प्रतिशत मत मिले। जयराम रमेश ने साल 2022 के चुनाव की तुलना करते हुए कहा कि उस समय विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार को 26 प्रतिशत मत मिले थे। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि भाजपा की अंकगणितीय जीत असल में उसकी नैतिक और राजनीतिक हार है। वैचारिक लड़ाई जारी रहेगी। मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को जीत मिली।
और वे देश के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए। सीपी राधाकृष्णन को 452 पहली प्राथमिकता वोट मिले। वहीं जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। 15 वोट अमान्य घोषित किए गए।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की बैठक




**चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए चंडीगढ़ स्थित सिविल सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी खरीफ फसल सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंडियों और खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक मंडी में एक निरीक्षक 24 घंटे ड्यूटी पर रहेगा और ड्यूटी में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग डी. सुरेश, महानिदेशक खाद्य, महाप्रबंधक (क्षेत्र) भारतीय खाद्य निगम श्रीमती शरणदीप कौर बराड़, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अंशज सिंह, मुख्य प्रशासक हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुकेश कुमार आहुजा, प्रबंध निदेशक हैफेड मुकुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**किसानों को एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी। सरकार द्वारा एमएसपी दर पहले ही तय की जा चुकी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को एसएमएस द्वारा यह जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि उनकी फसलें किस निर्धारित मंडी में खरीदी जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों के मोबाइल पर गेट पास पहुंचे की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए ताकि किसान मोबाइल से गेट पास डाउनलोड कर सकें और उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

**सोयाबीन, काला तिल, उड़द और** अरहर की **फसलों को दें बढ़ावा**
मुख्यमंत्री ने सोयाबीन उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि सोयाबीन से पौष्टिक उत्पाद बनते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि काला तिल, उड़द, अरहर और सोयाबीन जैसी फसलों पर बोनस दिया जाएगा ।

**नमी जांचने के लिए खरीदें उन्नत किस्म की मशीनें**
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नमी जांच के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी की मशीनें खरीदी जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही मंडियों में नमी जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। खरीद केंद्र और मंडियों में पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीने के पानी, जल निकासी, स्वच्छता और फसल की सुरक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने मंडियों में डिजिटल/इलेक्ट्रॉनिक कांटे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि फसल का सटीक वजन किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल को बारिश से नुकसान न हो, इसके लिए उच्च श्रेणी के भंडारण और तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है की सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए किसानों को बेहतर आय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित किए है । धान (कॉमन) के लिए एमएसपी 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। ज्वार (हाईब्रिड) का एमएसपी 3699 रुपये तथा मलदंडी ज्वार का 3749 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। बाजरा 2775 रुपये, मक्का 2400 रुपये, तूर/अरहर 8000 रुपये, मूंग 8768 रुपये, उड़द 7800 रुपये, मूंगफली 7263 रुपये, सोयाबीन (पीला) 5328 रुपये, तिल 9846 रुपये और काला तिल 9537 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से एमएसपी घोषित किया गया है।

# निवेशकों को समयबद्ध तरीके से नए कनेक्शन प्रदान किया जाना करें सुनिश्चित-जिला कलक्टर

**देश का दर्पण धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 10 सितम्बर।** विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र, एकल खिड़की जिला सशक्त समिति एवं जिला निर्यात संवर्द्धन समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उद्यमियों को सुगम व्यापार का माहौल सुनिश्चित करने एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिले में नीतिगत प्रोत्साहनों पर उद्यमियों को सुगम माहौल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्योगों की वृद्धि को सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित समयावधि में अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुमोदन, अनुदानों का



निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उद्यमियों को सुगमता प्रदान करने हेतु सभी सम्बंधित विभाग आपस में समन्वय करते हुए समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें। जिले में निवेशकों को आने वाली समस्या के समाधान हेतु विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र समिति में जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल को निर्देश प्रदान किये कि निवेशकों को समयबद्ध तरीके से नये कनेक्शन प्रदान किए जाए। उन्होंने रीको ग्रोथ सेंटर क्षेत्र में स्थित इकाईयों, फीडर संख्या एक से सम्बन्धित उत्पादन इकाईयों की विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हो। विद्युत में किसी प्रकार की ट्रिपिंग नहीं होनी चाहिए। इकाईयों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देवी सरस्वती आवरणशाला के लिए अस्थाई कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में अत्यधिक वर्षा होने के कारण रीको क्षेत्र में जलभराव की समस्या से सीलन के कारण आयरन कास्टिंग एवं इकाईयों उत्पादन समस्या को देखते हुए जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल भरतपुर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों के निस्तारण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण विक्रय का निरीक्षण करते हुए इकाइयों द्वारा प्रदूषण अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए किए गए आवेदनों का निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, पदाधिकारी और उद्यमी भी साथ मिल कर जिले में सुगम व्यापार की संभावनाओं में सहयोग करें। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक मितुल गोयल ने उद्योगपतियों से संबंधित विभिन्न मामलों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक रीको धौलपुर पिंतेश मीना, अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल, उद्योगपति उपस्थित रहे।

## अयोध्या की दीपावली पर जगमगाएंगे जयपुर के गौमय दीपक

### -श्री रामलला अयोध्या जी सेवा समिति, अयोध्याधाम के अध्यक्ष पहुंचे जयपुर, लिया तैयारियों का जायजा



**जयपुर।** इस दीपावली पर अयोध्या के कोने कोने में जलने वाले 26 लाख दीयों में राजस्थान के गोमय दीपक भी शामिल होंगे। विभिन्न गौशालाओं में ये दीये तैयार किए जा रहे हैं। श्री रामलला अयोध्या जी सेवा समिति, अयोध्याधाम के अध्यक्ष डॉ. आचार्य राजानंद शास्त्री बुधवार को जयपुर पहुंचे। उन्होंने टोंक रोड श्री पिंजरापोल गौशाला में बन रहे दीयों का अवलोकन किया। भाजपा नेता लोकेश ललित चतुवेर्दी, राजस्थान प्रांतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा के राधेश्याम शर्मा, विप्र प्रांतीय अध्यक्ष पूनम आचार्य, राजस्थान प्रांतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा की डॉ. मीना गौत्तम, डॉ अतुल गुप्ता एवं अन्य ने डॉ राजानंद शास्त्री का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह सांगानेर स्थित

उन्होंने पिंजरापोल गोशाला में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गौ पूजन किया। इसके बाद गौ सेवा अनुष्ठान में गोमाता की सेवा की। बड़ी संख्या में लोगों ने गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया। शास्त्री की अध्यक्षता बुधवार को टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री कृष्णा मैरिज गार्डन में सामाजिक समरसता एवं गौ सेवा महोत्सव का भी आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

इसके बाद कृष्णा पैराडाइज अभिनंदन समारोह में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने आचार्य राजानंद शास्त्री का सम्मान किया।

## एकतरफा प्यार में व्यक्ति ने महिला के हाथ में और खुदको कनपटी में गोली मारी





**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना भरतपुर ...** जिले के मथुरा गेट थाना इलाके के नवाब वाली गली में एकतरफा प्यार के चलते एक व्यक्ति ने महिला के हाथ में और खुद की कनपटी में गोली मार ली। मौके पर ही व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं महिला को घायल हालत में आरबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया है। महिला का कहना है कि व्यक्ति उसे 4 साल से परेशान कर रहा था। कई बार पुलिस में शिकायत भी की लेकिन, वह पुलिस से छूट आता और फिर से परेशान करता था। भयभीत में रह रहे है महिला परिवार। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

## भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा- नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री

**जयपुर,10 सितम्बर।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि जिन कार्यों के लिए भूमि की उपलब्धता नहीं है,उनके अधिग्रहण के प्रयास विभाग द्वारा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। श्री खर्रा प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सिविल लाइंस में 2023-24 व 2024-25 तक 101.25 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए तथा 9.48 करोड़ रुपए के दो कार्य उच्च स्तर पर परीक्षण के बाद संभाव्य व डिजाइन दृष्टिगत नहीं पाए जाने के कारण निरस्त कर दिए गए। श्री खर्रा ने कहा कि नगरीय विकास विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग आपसी समन्वय से राज्यहित में कार्य करते हैं। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि सिविल लाइंस लेवल क्रॉसिंग पर रोड़ ओवर ब्रिज (आरओबी) हेतु 75.5 करोड़ रुपएकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। यह कार्य कॉस्ट शेयर बेसिस पर रेलवे और राज्य सरकार द्वारा करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति में कार्य का प्रत्याहरित कर निविदा आमंत्रित की गई तथा शेष कार्य के लिए नया कायार्देश नए संवेदक को दे दिया गया है।

इससे पहले विधायक श्री गोपाल शर्मा के मूलप्रश्न के लिखित जवाब में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों एवं वरीयता के आधार पर ऐसे कार्य जो स्वीकृत कर दिए गए लेकिन प्रारंभ नहीं हो पाए, उन्हें उच्च स्तर पर परीक्षण करवाने के उपरांत निरस्त कर दिया गया। श्री खर्रा ने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण भविष्य में किसी भी प्रोजेक्ट का कार्य प्रस्तावित करता है, उसके लिए स्थानीय विधायक से भी विचार- विमर्श किया जाएगा। इसके लिए

आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण को निर्देशित कर दिया जाएगा।

## निलॉन्स मेगा डिस्ट्रीब्यूटर मीट 2025: रिश्तों को मजबूत करना, नए नवाचारों की शुरूआत





निलॉन्स एंटरप्राइजेज, जो भारत का सबसे बड़ा अचार और टूटी-फ्रूटी निमार्ता है, ने सफलतापूर्वक अपना मेगा डिस्ट्रीब्यूटर मीट 2025 हॉलिडे इन्, जयपुर में आयोजित किया। इस आयोजन में राजस्थान के केंद्रीय क्षेत्र से आए 150 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स और सुपर स्टॉकिस्ट्स ने भाग लिया, जिससे निलॉन्स की इस गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई कि वह अपने डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क को केवल व्यापारिक भागीदार नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा मानता है। इस मीट की शोभा बढ़ाई एमआर. दीपक संघवी, चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर ने, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से डिस्ट्रीब्यूटर्स से एक-एक करके संवाद किया और उनके अनुभवों एवं आकांक्षाओं को समझा। इस अवसर पर उपस्थित रहे - एमआर. सुनीत झा - चीफ रेवेनुए ऑफिसर, एमआर. विजय वर्मा - नेशनल सेल्स हेड, एमआर. संतोष सिंह ने लीडरशिप और पार्टनर नेटवर्क के बीच के रिश्ते को और गहरा किया।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चित्रकूट नगर, उदयपुर के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण - जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री

**जयपुर, 10 सितम्बर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि कार्यकारी एजेंसी द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चित्रकूट नगर, उदयपुर के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा फायर फाइटिंग सिस्टम, लिफ्ट एवं डी.जी सेट लगाने का कार्य शेष है। उन्होंने कहा कि 20 सितम्बर, 2019 को जारी विभागीय पत्र के द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चित्रकूट नगर, उदयपुर के कार्य के लिए 1776 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई एवं इस निर्माण कार्य के लिए राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया।

श्री खराड़ी प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजाति बालिका खेल छात्रावास, खेलगांव उदयपुर के निर्माण के लिए 24 जनवरी, 2022 को जारी पत्र के अनुसार खेलगांव परिसर में 5 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई।

इस कार्य के लिए 399.42 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी करते हुए स्वच्छ परियोजना को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि निदेशालय स्वच्छ परियोजना स्तर पर छात्रावास निर्माण की निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही जारी है। इसके साथ ही श्री खराड़ी ने आश्वस्त किया कि स्वच्छ परियोजना के तहत किये जाने वाले लोकार्पण एवं भूमि पूजन के कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इससे पहले विधायक श्री फूल सिंह मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र उदयपुर ग्रामीण में जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग की कोई आवासीय योजना नहीं है। विभाग द्वारा आवासीय विद्यालय एवं आश्रम छात्रावास संचालित किये जाते है। उदयपुर ग्रामीण में लम्बित कार्यों का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने जानकारी दी कि योजनाओं के लिए स्वीकृत बजट का पूर्ण उपयोग कर कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए प्रयास किये जाते है। अधूरे निर्माण कार्यों की स्वीकृत एवं व्यय राशि का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि अपूर्ण आवासीय निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु समय-समय पर समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग कर कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश प्रदान किए जाते हैं।

## आईएमए जयपुर-साउथ में "सुसाइट प्रिवेंशन डे" पर विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर,**
**आईएमए** जयपुर-साउथ के तत्वाधान में "सुसाइट प्रिवेंशन डे" के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र शर्मा एवं आईएमए जयपुर-साउथ के सचिव डॉ. लोकेन्द्र शर्मा के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव एवं डिप्रेशन के कारणों की पहचान करना तथा उनके प्रभावी समाधान एवं रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डालना था इस कार्यक्रम का आयोजन रूहस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विनोद जोशी और आईएमए जयपुर-साउथ के अध्यक्ष डॉ. सुधीर सचदेवा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में रूहस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के अनेक चिकित्सक भी उपस्थित रहे

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक राजकुमार मीणा का मनाया जन्मदिन



**देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 10 सितंबर।** धौलपुर जिला मुख्यालय स्थित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक राजकुमार मीणा का 58 वां जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्यरत कार्मिकों ने मीणा को स्वाफा एवं माला पहनाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । उपनिदेशक राजकुमार मीणा ने सभी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर पत्रकार धर्मेन्द्र बिधौलिया,मुन्ना फारुखी राजेश रस्तोगी के अलावा प्रदीप जोनवाल,सुधांशु,आदित्य शर्मा , जसराज आदि उपस्थित थे।

## राजस्थान भूजल संरक्षण एवं प्रबंधन बिल से प्रदेश में भूजल दोहन का होगा नियंत्रण - भू-जल मंत्री

**जयपुर, 10 सितम्बर। भू -जल मंत्री श्री कन्हैयालाल** चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में गिर रहे भूजल स्तर को देखते हुए भूजल दोहन को नियंत्रित किया जाना अति आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कार्य करते हुए राजस्थान भूजल संरक्षण एवं प्रबंधन बिल लाया जा रहा है। जिसमें औद्योगिक इकाइयों द्वारा किये जा रहे भूजल के दोहन एवं पुनर्भरण से सम्बंधित नियम समाहित है। उन्होंने कहा कि इस बिल के कड़े प्रावधानों के माध्यम से प्रदेश के किसानों एवं व्यक्तिगत उपयोग हेतु भूजल दोहन की योजनाओं के अतिरिक्त औद्योगिक इकाइयों द्वारा किये जा रहे भूजल दोहन को नियंत्रित किया जा सकेगा। श्री चौधरी प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश की तुलना में प्रदेश में भूजल दोहन की मात्रा लगभग 147 प्रतिशत है एवं पूरे प्रदेश में चित्तौड़गढ़ जिले में भूजल का दोहन सर्वाधिक है। जिस कारण चित्तौड़गढ़ जिला राज्य के डार्क जोन (ऐसा क्षेत्र जहाँ भूजल का स्तर अत्यधिक गिर गया है) की श्रेणी में भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जिले में स्थापित औद्योगिक इकाइयों के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा है। प्रदेश में व्याप्त इस समस्या के निवारण के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान भूजल संरक्षण एवं प्रबंधन बिल लाया जा रहा है।

## सुंदरबन जिला पुलिस की पहल पर रक्तदान शिविर, वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी



**सुंदरबनः** सुंदरबन जिला पुलिस के पर सोमवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर रक्तदान किया।

इस अवसर पर सीमांत कुमार माली सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने रक्तदान करने वालों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इस तरह की पहल से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सकेगा। जिला पुलिस प्रशासन ने बताया कि आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा ताकि समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता फैलाई जा सके। इस शिविर के माध्यम से बड़ी मात्रा में रक्त संग्रह किया गया, जो स्थानीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## शाहपुरा की पेयजल आपूर्ति पर असर कोठाज से आने वाली राइजिंग पाइपलाइन नाले में बह गई, मरम्मत जलस्तर घटने पर होगी शुरू

**सुरज वर्मा**



शाहपुरा शहर में हाल ही में हुई मूसलाधार बरसात के कारण कोटड़ी तहसील स्थित ग्राम पंचायत कोठाज से आने वाली राइजिंग पाइपलाइन आरणी के पास नाले में बह गई। नाले का जलस्तर पाइपलाइन से काफी ऊपर होने के कारण फिलहाल मरम्मत कार्य संभव नहीं हो पाया है।गौरतलब है कि शाहपुरा शहर को पेयजल आपूर्ति मुख्य रूप से चाम्बल परियोजना और अमरपुरा स्त्रोत से होती है। अमरपुरा से जुड़ी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से शहर की जलापूर्ति पर आंशिक असर पड़ा है। विशेषकर महलो का चौक स्थित टंकी से जुड़े क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं।

जलदाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नाले का जलस्तर कम होते ही मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया जाएगा। विभाग का कहना है कि हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और शहरवासियों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि पाइपलाइन को शीघ्र दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति को पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा।

## शाहपुरा में नई बन रही पानी की टंकी का निरीक्षण



**सुरज वर्मा**
शाहपुरा शहर में निमार्णाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण करने आज बुधवार को विभागीय अधिकारी धनपत राज सोनी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ शाहपुरा जलदाय विभाग के एक्सईएन मयंक शर्मा एवं जेईएन गौरव शर्मा मौजूद रहे। निरीक्षण स्थल पर टंकी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह परिहार, नगर पालिका पार्षद स्वराज सिंह शेखावत पूर्व प्रशासनिक अधिकारी कैलाश वर्मा सत्यनारायण पाठक हंसराज धोबी सोहन सोनी जाकिर मोहम्मद गोपी सिंधी तथा नगर पालिका क्षेत्र की कई महिलाएं भी पहुंचीं। महिलाओं ने मौके पर अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया और जल्द समाधान की मांग की।

## भीलवाड़ा जिले से युवा नेता मनीष नायक बने प्रदेश कांग्रेस सचिव

**सुरज वर्मा**
**राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अभाव अभियोग प्रकोष्ठ में भीलवाड़ा जिले से युवा नेता** मनीष नायक बने प्रदेश कांग्रेस सचिव व अभिषेक पाराशर को प्रदेश सचिव व चेतन भाट को कार्यकारी सदस्य,सोनू भील को कार्यकारी सदस्य,ओमप्रकाश वैष्णव को कार्यकारी सदस्य बनाए गए।इस पर नायक ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा,प्रदेश अध्यक्ष योगिता शर्मा,पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी,राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर,पूर्व मंत्री रामलाल जाट,जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी,विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रेगर सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।कांग्रेस की रीति नीति जन-जन तक पहुचा कर आने वाले समय मे प्रदेश में सरकार बनाने को संगठन में मजबूती से काम करने को लेकर तैयार है।

## सादुलपुर में जल जीवन मिशन में फर्जी भुगतान के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी - मंत्री

**जयपुर, 10 सितम्बर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर में जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में फर्जी भुगतान की शिकायतों की जांच के लिए 28 जुलाई 2025 को समिति का गठन किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा संवेदकों से भी भुगतान की राशि वसूल की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि पंचायतों के सरपंचों द्वारा गलत तरीके से एनओसी दी गई है, तो उसकी भी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का राष्ट्रीय अधिवेशन- सहकारिता से देश-प्रदेश बन रहे आत्मनिर्भर : सीएम

**जयपुर, 10 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सहकारिता देश और प्रदेश को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का द्वार है। सहकारिता को आमजन से जोड़ने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है ताकि उनके जीवन स्तर पर बड़ा बदलाव आए। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रत्येक पंचायत को सहकारिता से जोड़ने के लिए ग्रामीण सहकारी समितियों (जीएसएस) की स्थापना पर कार्य किया जा रहा है। इससे किसानों को आसानी से बीज और खाद उपलब्ध हो पाएंगे। श्री शर्मा बुधवार को जयपुर के बिडला सभागार में सहकार भारती और सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में




आयोजित अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं को गहराई से समझते हैं। इन बैंकों ने छोटे उद्यमियों, दुकानदारों, कारीगरों और मध्यमवर्गीय परिवारों को आसान ऋण उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है। ये आर्थिक सशक्तिकरण के प्रमुख वाहक के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि आज इसकी प्रदेश में 236 शाखाएं कार्यरत हैं। वहीं, सदस्य संख्या साढ़े चार लाख से भी अधिक है।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के मार्गदर्शन में सहकारिता का स्वर्ण काल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सहकारिता अपने स्वर्ण काल से गुजर रही है। उनकी पहल पर ह्लसहकार से समृद्धिह्न की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई दूरगामी निर्णय किए हैं। हाल ही में केन्द्र सरकार ने देश में पहली विस्तृत राष्ट्रीय को-ऑपरेटिव पॉलिसी लॉन्च की है। साथ ही, पिछले चार वर्षों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी, मत्स्य, सहकारी बैंकों, चीनी सहकारी संस्थाओं और सहकारी शासन प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए 100 से अधिक पहल की हैं। श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में सहकारिता उपेक्षित रही। किसानों को ना समय पर बीज मिलते थे और ना ही पैसा। सहकारी बैंकों में एनपीए की स्थिति भी भयावह थी। उन्होंने कहा कि आज सहकारी बैंकों की एनपीए की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है और नई तकनीकों के माध्यम से सेवा में गुणवत्ता आई है। हमनें पारदर्शिता शिकायत निवारण की व्यवस्था भी लागू की है। अब भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होती है।

**42 हजार करोड़ से अधिक के ब्याज मुक्त अल्पकालिक फसली ऋण वितरित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सहकारिता को बढ़ावा देते हुए किसान और पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भण्डारण योजना के अन्तर्गत घमूड़वाली पैक्स में गोदाम, प्रसंस्करण यूनिट और कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना जैसे कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही, राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना से गोपालकों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## राज्य में लगेगी 6 हजार मेगावाट क्षमता की ऊर्जा भण्डारण परियोजना - उर्जा राज्य मंत्री

जयपुर, 10 सितम्बर। उर्जा राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में 6 हजार मेगावाट क्षमता की बैटरी उर्जा भंडारण प्रणाली की स्थापना की जाएगी। इससे अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से दिन में उत्पन्न बिजली को संरक्षित कर रात में उपलब्ध कराया जा सकेगा। र्जा राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए केंद्रीय उपक्रमों के साथ संयुक्त उद्यम के अंतर्गत 4 हजार 895 मेगावॉट क्षमता की परंपरागत तथा 38 हजार 343 मेगावॉट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करने हेतु 2,00,800 करोड़ रुपये के निवेश आधारित एमओयू किए गए। उन्होंने बताया कि बजट 2024-25 में 1000 मेगावाट ऑवर की क्षमता के साथ बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापना की घोषणा की गयी थी। इसकी क्रियान्विति के क्रम में 500 मेगावाट व 1000 मेगावाट ऑवर हेतु भारत सरकार द्वारा स्टेट कोम्पोनेन्ट के तहत वायबिलिटी गेप फंडिंग सहायता (27.00 लाख रुपए प्रति मेगावॉट-घंटा) के साथ यह 500 मेगावाट व 1000 मेगावाट ऑवर की स्थापना के लिए उत्पादन निगम की ओर से कायादेश जारी कर दिए गए हैं। इन परियोजनाओं की स्थापना दिसम्बर 2026 तक पूर्ण किया जाना अपेक्षित है। श्री नागर ने कहा कि शेष 500 मेगावाट व 1000 मेगावाट घंटा क्षमता की राजस्थान में स्थापना हेतु एनवीवीएन द्वारा कायादेश जारी कर बजट घोषणा को मूर्त रूप दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा 9 जून 2025 को वीजीएफ सहायता (18.00 लाख रुपए प्रति मेगावॉट घंटा) के साथ राजस्थान को 4000 मेगावॉट-घंटा बीईएसएस क्षमता आवंटित की गई। जिसमें से 1000 मेगावॉट व 2000 मेगावॉट घंटा बीईएसएस की स्थापना के लिए आरवीयूएनएल द्वारा 16 जून 2025 को आरएफएस जारी की गई जिसकी तकनीकी निविदा 4 सितम्बर 2025 को खोल दी गई है। उन्होंने बताया कि शेष 2000 मेगावाट घंटा बीईएसएस की स्थापना के लिए भी आरवीयूएनएल द्वारा 5 अगस्त 2025 को निविदाएं जारी की जा चुकी हैं। निविदा खोलने की दिनांक 24 सितम्बर 2025 प्रस्तावित है।

## लंबित कृषि कनेक्शन जारी करने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं झ ऊर्जा राज्य मंत्री

**जयपुर, 10 सितम्बर। उर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)** श्री हीरालाल नागर ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता पर विचार किये बगैर ही नए कृषि कनेक्शनों के डिमांड नोटिस जारी कर दिए गए। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा आधारभूत संरचना एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लंबित कृषि कनेक्शन जारी करने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उर्जा राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जोधपुर डिस्कॉम द्वारा 1 लाख 37 हजार 431 अविद्युतीकृत व लेफ्ट आउट हाउसहोल्ड को विद्युतीकृत करने के लिए 735.10 करोड़ रुपए की डीपीआर ग्रामीण विद्युतीकरण निगम नई दिल्ली को 7 जुलाई, 2021 को भेजी गई। आरईसी द्वारा 89 हजार 941 हाउसहोल्ड्स को ग्रिड से या ऑफ ग्रिड से विद्युतीकरण करने के लिए 433.6 करोड़ रुपए की स्वीकृति 26 जुलाई, 2021 को जारी की गई। इसकी विद्युतीकरण समय सीमा 31 दिसम्बर 2021 थी परन्तु पूर्ववर्ती सरकार के समय ग्रिड से 68 हजार 609 कनेक्शनों में से 25 प्रतिशत कनेक्शन सीएलआरसी पर एवं शेष 75 प्रतिशत टर्नकी पर जारी करने के निर्देश देरी से दिये गये। इसके बाद आरईसी द्वारा इन कनेक्शनों को जारी करने की अवधि 15 फरवरी, 2022 तक बढाई गई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा कार्य को दिनांक 15 मार्च, 2022 तक पूरा करने के निर्देश दिये गए। आरईसी द्वारा उक्त कार्य के लिए समय सीमा 15 मार्च, 2022 से आगे नहीं बढाने के कारण टर्नकी पर कोई भी कार्य नहीं हुआ तथा कम समय होने से सीएलआरसी पर 21 हजार 677 कनेक्शन ही हो पाये, जिसमें 54.32 करोड़ रुपए राशि व्यय हुई। इस कारण से फलौदी जिले में भी हाउसहॉल्ड के विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह योजना बंद हो चुकी है। फलौदी जिले के लंबित कृषि कनेक्शनों को आरडीएसएस योजना के तहत शामिल कर जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।

## प्रदेश की 8 करोड़ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है सदन, विपक्ष सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद कर रहा--मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर, 10 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन की अपनी परंपराएं और गरिमा होती हैं, लेकिन विपक्ष केवल सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 8 करोड़ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ही यह सदन कार्य करता है। विपक्ष जिस तरह से व्यवधान डाल रहा है, उसे प्रदेश की जनता देख रही है और समय आने पर उन्हें माफ नहीं करेगी। श्री शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में दिए अपने बयान में कहा कि मानसून सत्र जनता की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने और समस्याओं से जुड़कर उनके समाधान के लिए आहूत किया गया



है। लेकिन विपक्ष की ओर से ऐसा कोई ठोस मुद्दा नहीं रखा गया जिससे जनता की वास्तविक आवाज सदन तक पहुंच सके। श्री शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने एवं प्रभावित लोगों के दुख दर्द बांटने के लिए विपक्ष का कोई भी नेता या जनप्रतिनिधि जनता के बीच नहीं गया। जबकि राज्य सरकार के सासंद, मंत्री, विधायक और अधिकारियों ने फील्ड में जाकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा पीड़ित जनता की मदद कर उनके आंसू पोंछे। हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हित में उठाई गई मेरी आवाज को विपक्ष नहीं दबा सकता।

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण एवं वेटलैंड सिटी मान्यता समारोह में राजस्थान का बढ़ा मान- अलवर और उदयपुर को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**जयपुर, 10 सितम्बर ।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में राजस्थान के अलवर और उदयपुर जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस सर्वेक्षण में 130 शहरों का मूल्यांकन किया गया था, जिनमें से 11 बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित किया गया। अलवर इनमें शामिल रहा और इसे क्लीन एयर फॉर ऑल के लक्ष्य की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया।इसी के साथ, राजस्थान के उदयपुर शहर को रामसर कन्वेंशन के अंतर्गत वेटलैंड सिटी एक्रिडिटेशन स्कीम में भारत के पहले दो वेटलैंड सिटीज में स्थान मिला। यह गौरवशाली उपलब्धि राजस्थान को सतत पर्यावरण संरक्षण और वेटलैंड प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी बनाती है। यह पुरस्कार/प्रमाणपत्र समारोह इंदिरा पर्यावरण भवन, नई दिल्ली स्थित गंगा सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन श्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने पुरस्कार प्रदान किए। राजस्थान की ओर से जिला कलक्टर, अलवर, नगर निगम आयुक्त, अलवर तथा जिला कलक्टर, उदयपुर ने इस समारोह में भाग लिया और अपने-अपने शहरों की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) राजस्थान के निदेशक श्री प्रतीक जुयिकर ने कहा की राजस्थान के शहरों का यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह न केवल स्वच्छ वायु और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार के सतत प्रयासों को दशार्ता है, बल्कि राजस्थान के नागरिकों में जागरूकता और जनसहभागिता की शक्ति को भी प्रदर्शित करता है। अलवर और उदयपुर की यह उपलब्धि आने वाले समय में अन्य शहरों को भी प्रेरणा देगी।

## जनजातीय क्षेत्रों में सुशासन की नई पहल साबित होगा आदि कर्मयोगी अभियान

**जयपुर, 10 सितम्बर।** राजस्थान आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर्स के 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यह प्रशिक्षण जयपुर स्थित एक निजी होटल में 10 से 12 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ किया गया आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन व अन्तिम छोर तक सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करने की एक राष्ट्रीय पहल है। अभियान के तहत देशभर में जनजाति बाहुल्य एक लाख गांवों में 20-20 व्यक्तियों को आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी के रूप में चयनित किया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर जिलें के 10 ब्लॉकों में 177 गांवों का चयन किया गया है। जिलें में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़ें 17 विभागों की 25 प्रमुख गतिविधियों के अभिसरण से 177 चयनित गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला– आत्महत्या से जुड़े मिथक एवं तथ्यों की दी जानकारी

**जयपुर, 10 सितम्बर।** 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' पर अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभमंगला की अध्यक्षता में बुधवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज सभागार में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के विषय विशेषज्ञों, इस क्षेत्र में कार्य कर रहे डवलपमेंट पार्टनर्स के प्रतिनिधियों एवं नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आत्महत्या रोकथाम से जुड़े मिथक व तथ्य विषय पर तैयार पोस्टर का भी विमोचन किया गया। अतिरिक्त मिशन निदेशक ने कहा कि मेडिकल प्रोफेशन से जुड़े चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ आदि स्वयं के साथ अन्य हजारों जिंदगियों के साथ जुड़े हुए होते हैं। उन्हें चाहिए कि प्रोफेशनल करियर के दौरान रोगियों में मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को पहचानते हुए उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान करने पर विशेष ध्यान दें। साथ ही स्वयं भी मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा समग्र दृष्टिकोण के साथ निरामय राजस्थान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान में प्रत्येक माह निर्धारित थीम पर जागरुकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 10 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक शिक्षण संस्थानों यथा स्कूलों, कॉलेजों एवं कोचिंग संस्थानों में आउटरीच एवं आईईसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। डॉ. टी. शुभमंगला ने कहा कि समाज में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिये प्रदेश में गेटकीपर कार्यक्रम संचालित किया जाएगा, जिसके शुरूआती चरण में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत हताश, निराश और आत्महत्या की सोच रखने वालों को गेटकीपर के रूप में आसानी से प्रभावी मोटिवेटर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि टेलीमानस टोल फ्री हेल्पलाइन 14416 अथवा 1800-89-14416 के माध्यम से प्रभावी परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 45 हजार से अधिक कॉल्स पर संबंधित को आवश्यक परामर्श व सहयोग सेवाएं उपलब्ध कराई गयी हैं। यूनिसेफ के हैल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. अनिल अग्रवाल ने जीवनशैली और मानसिक विकारों की वर्तमान स्थिति विषय पर विस्तार से प्रजेंटेशन दिया। मनोचिकित्सा केन्द्र के अधीक्षक डॉ. ललित बत्रा ने आत्महत्या रोकथाम एवं मेडिकल कॉलेज में अनुभव पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के एसएनओ डॉ. एसएम स्वामी ने स्ट्रेस एवं मेंटल वेल बीइंग विषय पर प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा तत्काल परामर्श सेवाओं के लिए प्रभावी रूप से टोल फ्री हैल्पलाईन सेवा 14416 या 188-89-14416 का संचालन किया जा रहा है।

## ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 3500 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम व स्टेडियम स्थापित किए जा रहे है -

**युवा युवा** मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 5000 से अधिक जनसँख्या वाली 3500 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम और खेल स्टेडियम की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के आधार पर प्राथमिकता तय कर पंचायती राज विभाग द्वारा ओपन जिम खोले जा रहे हैं। युवा मामले एवं खेल मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद स्टेडियम योजना के तहत यदि जनप्रतिनिधियों से सहयोग राशि प्राप्त होती है, तो राज्य सरकार उतनी ही राशि की सहभागिता करेगी। इस सहभागिता के माध्यम से खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के जमालपुर गांव में सिंथेटिक ट्रैक या स्टेडियम का निर्माण संभव हो सकेगा। इससे पहले विधायक श्री धर्मपाल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में युवा मामले एवं खेल मंत्री ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र खेतडी मे विगत 2 वर्षो में ग्राम देवता में खेल मैदान का विकास कार्य और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांदरी के खेल मैदान मे 400 मीटर ट्रैक का निर्माण कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि राउमावि. मेहाड़ा जाटूवास विद्यालय चारदीवारी के अन्दर खेल मैदान कार्यकारी एजेन्सी सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विकसित किया गया है तथा राउमावि. चारावास में एमएलए लेड योजना में खेल मैदान एसडीएमसी कार्यकारी एजेन्सी द्वारा विकसित किया गया है।

## राजभवन के कार्मिकों का एचसीएम रीपा में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**जयपुर, 10 सितम्बर।** हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में बुधवार को राजभवन के कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें राजभवन सचिवालय के कार्मिकों को विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्यालय प्रक्रिया, प्रबंधन आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की पहल पर सुशासन के आलोक में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वित्तीय सलाहकार श्रीमती संध्या शर्मा, नियंत्रक श्री शरद तिवारी आदि ने भी इसमें मार्गदर्शन दिया।

## अन्तर्राष्ट्रीय सीमा सुरक्षा की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय स्थायी समिति की बैठक आयोजित

**जयपुर, 10 सितंबर।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि पाकिस्तान से सटी अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डर का सबसे अधिक हिस्सा राजस्थान से गुजरता है। ऐसे में सीमावर्ती जिलों में कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाती है। सभी सीमावर्ती जिलों मे नियमित रूप से नार्को कोडिनेशन सेंटर तंत्र (एनकोर्ड) की बैठक लें एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा करे। जिससे ड्रोन ड्रॉपिंग एवं मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके। मुख्य सचिव श्री पंत बुधवार को शासन सचिवालय में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा और निगरानी की समीक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों में स्थित आउटपोस्ट पर निगरानी के लिए तकनीकी संसाधनों उन्नयन के साथ मानवीय संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसमें किसी भी प्रकार की कटौती नहीं करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सीमावर्ती जिलों में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, एंटी ड्रोन सिस्टम की उपलब्धता और आवश्यकता के लिए संबंधित कलक्टर, एसपी से फीडबेक लिया। उन्होंने कलक्टर, एसपी को फील्ड में सरप्राईज विजिट, रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन के साथ संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलों में ह्यमानसह्ण हैल्पलाईन के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए जिससे मादक पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने के लिए प्रभावी सूचना तंत्र विकसित किया जा सकें। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री भास्कर आत्माराम सावंत ने उन्नत तकनीकी एवं संसाधनों के उपयोग से सीमावर्ती जिलों में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीसीटीवी कैमरे एवं एंटी ड्रोन सिस्टम की खरीद के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।

## सांस्कृतिक सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिए भव्य आयोजन व सफाई अभियान के निर्देश

**जयपुर, 10 सितम्बर।** उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सांस्कृतिक सेवा पखवाड़े को भव्य और यादगार बनाने के निर्देश दिए हैं। यह आयोजन पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से पूरे प्रदेश में आयोजित किया जाएगा।



बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को भारतीय कला, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि

इस अवधि में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, नाटक, लोकनृत्य और संगीत समारोह आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें सहभागिता कर सकें। दिया कुमारी ने कहा कि गांधी जयंती तक चलने वाला यह पखवाड़ा समाज में सेवा, संस्कार और संस्कृति का संदेश देने वाला साबित होगा। साथ ही, उन्होंने पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों पर विशेष सफाई अभियान चलाने के भी निर्देश दिए । अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च शिक्षा कुलदीप रांका, प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति राजेश यादव, राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त समग्र शिक्षा अनुपमा जोरवाल बैठक में मौजूद रहे ।

## भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्राधिकरण का होगा गठन, विधानसभा में विधेयक ध्वनिमत से पारित - जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

**जयपुर, 10 सितम्बर।** राजस्थान भू-जल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक, 2024 बुधवार को विधानसभा में ध्वनिमत से पारित हुआ। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू -जल मंत्री श्री कन्हैया लाल ने विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा कि जल हमारे जीवन का मूल आधार है लेकिन राजस्थान जल संकट से जूझ रहा है इसलिए वर्तमान में भू-जल का संरक्षण, संवर्धन व उचित प्रबंधन अति आवश्यक हो गया है। हम सभी को नैतिक दायित्व है कि भू-जल बचाने के लिए सामूहिक रूप से आगे बढ़ें। श्री कन्हैया लाल ने कहा कि भू-जल स्तर बनाये रखने व बढ़ोतरी करने, भू-जल के पुनर्भरण, जल के उचित उपयोग एवं जल संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए राज्य प्राधिकरण का गठन किया जा रहा है। इससे भू-जल संसाधनों का उचित, न्यायसंगत तथा सतत उपयोग एवं प्रबंधन विनियमन के माध्यम से सुनिश्चित होगा। भू-जल दोहन दर का निर्धारण भी हो सकेगा। भू-जल मंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में जिला भू-जल संरक्षण और प्रबंध समिति होगी, जो भू-जल परिस्थितियों के अनुरूप भू-जल संरक्षण एवं प्रबंधन योजनाएं तैयार करेगी। इन योजनाओं में स्थान विशेष के लिए भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन पर निर्णय लिए जाएंगे।

## अनूपगढ़, शाहपुरा, गंगापुर सिटी में बनेगा ऑडिटोरियम, जल संसाधन विभाग में विभिन्न कार्य हेतु 195.05 करोड़ रुपए की वित्तीय सहमति

**जयपुर, 10 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान सरकार विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारते हुए वित्त विभाग द्वारा स्वायत्त शासन विभाग को अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर), शाहपुरा (भीलवाड़ा) एवं गंगापुर सिटी (सवाई माधोपुर) में एक-एक ऑडिटोरियम एवं कुचामन सिटी में एक सिटी पार्क निर्माण के लिए 41.56 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही जल संसाधन विभाग को भी विभिन्न कार्य हेतु 191.69 करोड रुपए एवं 3.36 करोड़ रुपए की वित्तीय सहमति प्रदान की गई है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत पेयजल योजना के विभिन्न प्रकरणों के लिए वित्त विभाग द्वारा 58.58 करोड़ रुपए की वित्तीय सहमति जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को भी प्रदान की गई है।

## बारां जिले में अवैध खैर कटाई एवं भ्रष्टाचार पर सख़्त कार्रवाई, उप वन संरक्षक निलंबित, राज्य सरकार भ्रष्टाचार और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ -वन एवं पर्यावरण मंत्री

**जयपुर, 10 सितंबर।** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि बारां जिले में हो रहे अवैध खैर कटाई और अवैध तेंदू पत्ता तुड़ाई व वन विभाग के कार्यों में भ्रष्टाचार करने वालों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। श्री शर्मा ने उप वन संरक्षक अनिल कुमार यादव को राजकार्य में लापरवाही बरतने एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए। वन एवं पर्यावरण मंत्री सदन के सदय श्री ललित मीना द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव द्वारा उठाए गए प्रश्न पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बारां जिले के उप वन संरक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार, वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कटान जैसी गंभीर शिकायतों का आरोप है।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैली एवं जनसभा आयोजित हुई



**जयपुर, 10 सितम्बर।** केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कोटा में आज कांग्रेस पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैली एवं जनसभा आयोजित हुई जिसमें राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, कोटा से सांसद प्रत्याशी श्री प्रहलाद गुंजल सहित कांग्रेस विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि आज कोटा में रैली में उपस्थित विशाल जनसमूह साबित कर रहा है कि प्रदेश में कहीं सरकार नजर नहीं आ रही और केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के विरूद्ध जन आक्रोश व्याप्त है। सरकार का कार्यकाल मात्र दो वर्ष का बीता है लेकिन इतने कम समय में पूरे प्रदेश में सरकार के विरूद्ध जन आक्रोश नजर आता है ऐसा प्रदेश में पहली बार देखा गया है। प्रदेश में किसान परेशान है, अतिवृष्टि से 90 प्रतिशत तक फसलें खराब हो गई है, लोग बेघर हो गए है, मवेशी मारे गए, सड़कें बदहाल हो गई, किसान से राम रूठ गया ऐसे में राज से आशा थी, लेकिन दुर्भाग्य है कि यह राज निकम्मा साबित हुआ इसलिए कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल के कहने पर उनके द्वारा आयोजित जन आक्रोश रैली में भाग लेने के लिए दूर-दूर से लोग आये हैं और वे स्वयं जन आक्रोश रैली में सरकार के विरूद्ध भाग लेने के लिए पहुंचे है। कांग्रेस पार्टी और समस्त नेता एवं कार्यकर्ता पीड़ित किसान और लोगों के दुख, दर्द में शामिल होकर उनके आंसू पोंछने का काम कर रहे है। आज सरकार में शामिल मंत्री और नेता आंख मूंद कर घर बैठे है, ऐसा लगता है कि उनकी हैसियत नहीं है कि आम आदमी के लिए जिले के कलेक्टर को फोन कर सके कि लोगों की अमूक स्थान पर फसल की गिरदावरी करवायी जावें अथवा पीड़ित को मुआवजा मिले। दो माह से अधिक समय से कोटा, झालावाड़, बून्दी सहित प्रदेश के आधे से अधिक जिले अतिवृष्टि के कारण जलमग्न हो गए। बाढ़ से किसान और लोग पीड़ित हो गए, जनता का हाहाकार मच गया लेकिन प्रदेश भाजपा सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंगी। कांग्रेस पार्टी लगातार विभिन्न माध्यम से सरकार से अतिवृष्टि से पीड़ित लोगों से राहत दिलवाने की मांग करती रही किन्तु सरकार ने अनदेखी की और हद हो गई जब अतिवृष्टि के कारण प्रदेश में सैंकड़ों मौतें हो गई, जान-माल का भारी नुकसान हो गया किन्तु मुख्यमंत्री महोदय 8 घण्टे तक नौकरशाहों की बैठक लेते रहे और उसमें अपने परिवार के किस्से सुनाते रहे लेकिन अतिवृष्टि से पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए ना तो कोई निर्देश लिए गए और ना ही कोई योजना बनायी गयी। झालावाड़ में स्कूल की बिल्डिंग गिरने से 6 बच्चें मारे गए लेकिन मुख्यमंत्री महोदय को उन बच्चों के परिजनों से मिलकर हाल पूछने की फुर्सत नहीं मिली।

## कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा कृषकों को पहुंचाएं-शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी

**जयपुर, 10 सितम्बर।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी श्री राजन विशाल ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं को समय से पूरा करते हुए योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र किसानों को दिया जाए, जिससे प्रदेश के किसाना आर्थिक रूप से समृद्ध और खुशहाल बन सकें। श्री राजन विशाल बुधवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की प्रगति के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शासन सचिव ने कहा कि बजट घोषणाओं को ध्यान में रखते हुए इन्हें जल्द से जल्द शत-प्रतिशत पूरा करें। अधिकारी फिल्ड में जाकर ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजनाओं की जानकारी दें, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को राज्य सरकार की जनझ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। शासन सचिव ने कहा कि विभागीय अधिकारी कस्टम हायरिंग सेंटरों का लगातार निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि इन केंद्रों से कृषि यंत्र जरूरतमंद किसानों को समय पर दिये जा रहे हैं। साथ ही कस्टम हायरिंग सेंटरों को किसानों के लिए ज्यादा से ज्यादा उपयोगी बनाने के लिए कहा।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जिला अधिकारियों से वीसी के जरिए किया संवाद, शहर चलो/ग्रामीण सेवा शिविरझ2025 और समाज कल्याण सप्ताह से पूर्व की तैयारियों की समीक्षा की, अभियानों को सफल बनाने के लिए दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**जयपुर, 10 सितंबर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती अपर्णा अरोड़ा ने बुधवार को प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों से वीसी के माध्यम से जुड़कर समीक्षा बैठक ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यालय स्थित अंबेडकर भवन के सभागार में अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान शहर चलो/ग्रामीण सेवा शिविर-2025, समाज कल्याण सप्ताह (1-7 अक्टूबर 2025) की पूर्व तैयारी की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त छात्रवृत्ति योजना, छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों, नशा मुक्ति केंद्रों, वृद्धाश्रम आदि संस्थानों के नियमित निरीक्षण, मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना के अंतर्गत वर्ष 2025झ26 में नए आवेदनों सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।
श्रीमती अरोड़ा ने कहा कि अभियान के तहत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में शत-प्रतिशत सत्यापन करने, पात्र लोगों को जोड़ने और अपात्रों की पहचान करने, पालनहार योजना के तहत पात्र बच्चों की पहचान कर सत्र 2025-26 में नवीनीकरण करने, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत नवीन आवेदन करवाने और लंबित आवेदनों के आक्षेप का निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष योग्यजनो (वउक्क्ळ) के प्रमाण-पत्र व कार्ड जारी करने, अंग उपकरण चिह्नीकरण करने और अंग उपकरण वितरण के लिए संभावित लाभार्थियों का चयन करने के भी निर्देश दिए। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव श्री आशीष मोदी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान विभागीय योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण और आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करने का बेहतर मंच साबित हो सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, लाभ से वंचित पात्र अभ्यर्थियों की समस्या समाधान और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण सप्ताह के दौरान समाज स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ही हो प्रसूति: सिविल सर्जन

## सुरक्षित प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं की विशेष जाँच

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 10 सितंबरः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आज प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच की गई और उन्हें सुरक्षित प्रसव के बारे में जानकारी दी गई।
सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन और जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. तमन्ना सिंघल ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत हर महीने की 9 और 23 तारीख को गर्भवती महिलाओं, विशेषकर उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच की जाती है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दूसरी और तीसरी तिमाही में गर्भवती महिलाओं की जाँच करना और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान करके उन्हें उचित उपचार प्रदान करना है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने आम जनता, विशेषकर गर्भवती महिलाओं से अपील की कि वे सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पहुँचें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा के लिए, किसी भी अशिक्षित व्यक्ति को कभी भी प्रसव नहीं कराना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से महिला और बच्चे दोनों की जान को खतरा हो सकता है।

## उपायुक्त को मानव मंगल स्कूल समूह ने बाढ़ राहत के लिए 10 लाख रुपये का चेक भेंट किया

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 10 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा के कारण, पंजाब के कई जिलों के गाँव और शहर बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ पीड़ितों की सेवा करना अपना मानवीय कर्तव्य समझते हुए, मानव मंगल स्कूल समूह के निदेशक संजय सरदाना ने साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) की उपायुक्त कोमल मित्तल को बाढ़ राहत के लिए 10 लाख रुपये का चेक भेंट किया।
उपायुक्त ने यह चेक जिला रेडक्रॉस सोसाइटी को सौंपा और उन्हें बाढ़ पीड़ितों की जरूरतों के अनुसार राहत सामग्री खरीदने के लिए इसे खर्च करने के आदेश दिए।
उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि बाढ़ से राज्य को भारी अपूरणीय क्षति हुई है। इस कठिन समय में सरकार, जनता और स्वयंसेवी संगठन बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में बाढ़ पीड़ितों की स्वेच्छा से की गई मदद समाज को एक बहुत ही सार्थक संदेश देती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. गिन्नी दुग्गल भी उपस्थित थीं।

## शांति ब्लड सेंटर द्वारा कैम्प का सफल आयोजन

## आनंदम आयुर्वेद न्यूरोथेरेपी, मर्म चिकित्सा एवं पंचकर्मा क्लिनिक, मानसरोवर झ जयपुर

मानसरोवर स्थित आनंदम आयुर्वेद न्यूरोथेरेपी, मर्म चिकित्सा एवं पंचकर्मा क्लिनिक में हाल ही में शांति ब्लड सेंटर द्वारा कैम्प का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस कैम्प में विशेष रूप से 40 एन.सी.सी. छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर ह्नरक्तदान झ महादानह्न का संदेश दिया। क्लिनिक की निदेशक डॉ. लेखा नायर ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचती है बल्कि यह समाज सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। हमें गर्व है कि आज युवा पीढ़ी भी इसमें सक्रिय योगदान दे रही है। आनंदम आयुर्वेद न्यूरोथेरेपी एवं पंचकर्मा क्लिनिक, जो पिछले 8 वर्षों से विभिन्न रोगों जैसे झ घुटनों का दर्द, साइटिका, पाचन समस्याएँ, स्लिप डिस्क, दुर्घटना पश्चात समस्याएँ, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, चिंता व अवसाद आदि में रोगियों को लाभ पहुँचा रहा है, ने इस आयोजन के माध्यम से फिर से समाजहित में अपनी भूमिका निभाई। अंत में, डॉ. लेखा नायर व उनकी टीम नेहा सोनी रेखा योगी,नवीन गुर्जर सभी प्रतिभागियों तथा सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद किया और भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## आरोपित महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**
तिसिऔता थाना की पुलिस ने मारपीट कर गंम्भीर रुप से घायल कर देने के ममाले की एक आरोपित महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हाजीपुर जेल भेज दिया है।
तिसिऔता थाना क्षेत्र के महथी धर्मचंद गांव निवासी ननकी पासवान की पत्नी रुक्मिणी देवी मारपीट कर गंम्भीर रुप से घायल कर देने के मामले में नामजद आरोपित थी। मंगलवार को पुलिस ने उसके घर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत हाजीपुर जेल भेज दिया है।

## प्रदेश की 8 करोड़ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है सदन, विपक्ष सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद कर रहा--मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर, 10 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन की अपनी परंपराएं और गरिमा होती हैं, लेकिन विपक्ष केवल सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 8 करोड़ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ही यह सदन कार्य करता है। विपक्ष जिस तरह से व्यवधान डाल रहा है, उसे प्रदेश की जनता देख रही है और समय आने पर उन्हें माफ नहीं करेगी। श्री शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में दिए अपने बयान में कहा कि मानसून सत्र जनता की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने और समस्याओं से जुड़कर उनके समाधान के लिए आहूत किया गया है। लेकिन विपक्ष की ओर से ऐसा कोई ठोस मुद्दा नहीं रखा गया जिससे जनता की वास्तविक आवाज सदन तक पहुंच सके। श्री शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने एवं प्रभावित लोगों के दुख दर्द बांटने के लिए विपक्ष का कोई भी नेता या जनप्रतिनिधि जनता के बीच नहीं गया। जबकि राज्य सरकार के सासंद, मंत्री, विधायक और अधिकारियों ने फील्ड में जाकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा पीड़ित जनता की मदद कर उनके आंसू पोंछे। हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हित में उठाई गई मेरी आवाज को विपक्ष नहीं दबा सकता।

## मोहाली पुलिस ने गोलीबारी कर रंगदारी वसूलने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया



**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 10 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हंस ने आज यहाँ बताया कि रूपनगर रेंज के डीआईजी स. हरचरण सिंह भुल्लर के निदेर्शानुसार, जिला पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए गए अभियान को उस समय बड़ी सफलता मिली जब डीएसपी, डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़, पुलिस कप्तान (ग्रामीण) मनप्रीत सिंह, पुलिस कप्तान (जांच) सौरव जिंदल और पुलिस कप्तान (ऑपरेशन) तलविंदर सिंह गिल के नेतृत्व में गठित टीमों ने 01-09-2025 की रात को अमन होटल, गुलाबगढ़ रोड, डेराबस्सी में फिरौती मांगने के इरादे से गोलीबारी करने वाले 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 2 पिस्तौल, 4 मैगजीन और घटना में प्रयुक्त होंडा एक्टिवा बरामद करने में सफलता प्राप्त की। जिला पुलिस प्रमुख हरमनदीप हंस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 01-09-2025 को डेराबस्सी के गुलाबगढ़ रोड स्थित अमन होटल पर सुबह करीब 2 बजे फायरिंग की घटना घटी, जिस पर डेराबस्सी थाने की पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अमन होटल के मालिक करण कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी रोजवुड एस्टेट जीबीपी रोड गुलाबगढ़ के बयान पर मुकदमा नंबर 250, दिनांक 01-09-2025 धारा 308(4) बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट के तहत डेराबस्सी थाने में दर्ज किया। इस फायरिंग की घटना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने (एसएसपी) स्थानीय पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कीं, जिनमें प्रभारी एंटी नारकोटिक्स सेल, एसएएस नगर मुबारिकपुर और प्रभारी स्पेशल सेल, मोहाली शामिल थे और इन टीमों को पुलिस कप्तान, जांच, पुलिस कप्तान, ऑपरेशन और पुलिस उप कप्तान, डेराबस्सी के नेतृत्व में अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इन टीमों ने तुरंत घटनास्थल का अध्ययन किया, घटनास्थल पर उपलब्ध साक्ष्यों का निरीक्षण किया और वैज्ञानिक तरीके से जाँच को आगे बढ़ाया। तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक साधनों का उपयोग करते हुए और साक्ष्य एकत्रित किए गए। फिर इन साक्ष्यों को स्थानीय खुफिया तंत्र से प्राप्त सूचनाओं के साथ जोड़ा गया। दोनों प्रकार के साक्ष्यों और सूचनाओं को मिलाकर, 8 दिनों के भीतर इस आदम सुराग घटना का सुराग मिल गया और घटना में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## भीलवाड़ा के जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के 35 से अधिक जनप्रतिनिधियों ने ग्रहण की



**जयपुर 10 सितंबर 2025।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी नीतियों और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से प्रभावित होकर राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी का जनाधार लगातार सशक्त हो रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस से जुड़े 35 से अधिक प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने सभी जनप्रतिनिधियों का पार्टी दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र से सरपंच भैरूलाल गुर्जर, प्रेमशंकर गुर्जर, उदयलाल गुर्जर, भंवरलाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, जमनालाल गुर्जर सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभी नवागंतुक सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की कि वे पार्टी की विचारधारा के अनुरूप जनसेवा को सर्वोपरि रखकर कार्य करेंगे।

## आसलपुर में इस बार रामलीला होगी और भी भव्य, नवनिर्मित भवन का होगा उद्घाटन प्रथम नवरात्र पर

**अजय सिंह (चिंटू)**
ग्राम आसलपुर में हर साल की तरह इस बार भी प्रसिद्ध श्री आदर्श रामलीला का मंचन भव्य रूप से किया जाएगा। इसको लेकर मंडल के कार्यकताओं की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंचन की तारीख, कार्यक्रम की रूपरेखा और नवनिर्मित रामलीला भवन के उद्घाटन पर चर्चा हुई। परिक्षित सिंह ने बताया कि आगामी प्रथम नवरात्र (22 सितम्बर) से रामलीला का मंचन शुरू होगा। उसी दिन सभी भामाशाहों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में रामलीला भवन का उद्घाटन व गृह प्रवेश भी किया जाएगा। कार्यक्रम में पूजन, हवन और कन्या भोज का आयोजन होगा। बैठक में पवन दाधीच, मालूराम पारीक, अंजनी दाधीच, चन्द्रप्रकाश सारस्वत, सरदार सिंह, रामलाल कुमावत, प्रेमशंकर शर्मा, सुरेंद्र कुमावत, औमप्रकाश प्रजापति, नाथूलाल कुमावत, श्रवण कुमावत, अनुराग कुमावत, मनोज कुमावत, अशोक राजोरा, नरेंद्र शर्मा, गौरव दाधीच, सिद्धार्थ कुमावत, गोविंद दाधीच, प्रवीण शर्मा, मनीष दाधीच, त्रिवीण दाधीच सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। गांव के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी इसमें अपनी कला और अभिनय से योगदान देते हैं।

## भाजपा युवा मोर्चा मंडल कार्यसमिति की विशेष बैठक आयोजित हुई

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**
पातेपुर बाजार स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा मंडल कार्यसमिति की विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने पातेपुर में पुनः कमल खिलाने का संकल्प लिया एवं विधायक लखेंदर पासवान को मंत्री पद तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया या। बैठक में उपस्थित युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारी पार्टी राष्ट्र के लिए काम करती है भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है एवं विपक्षी पार्टियों के लिए परिवार सर्वप्रिय है। विधायक ने युवा कार्यकताओं से आह्वान किया कि कार्यकर्ता गांव गांव टोले मुहल्ले जाकर एक लोगों से मिलकर केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें तथा पातेपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए चौतरफा विकास से भी अवगत करावें। बैठक में यूवा मोर्चा मंडल कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि विधायक लखेंद्र पासवान , उत्तरी जिलाध्यक्ष अजब लाल साह, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार कुशवाहा, जिला महामंत्री कुंदन कुमार सिन्हा, जिला मंत्री दिग्विजय चौधरी, यूवा मंडल अध्यक्ष जगमोहन पासवान, राजेश रंजन, धर्मवीर राय, सुबोध पासवान, अवधेश झा, सहित सभी यूवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक रंधावा ने डेरा बाबा नानक के बाढ़ पीड़ितों के पशुओं के लिए फीड और दाना भेजा



**लालरू (साहिबजादा अजीत सिंह नगर), 10 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज लालरू अनाज मंडी से बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना की। यह राहत सामग्री आढ़ती एसोसिएशन, ट्रक यूनियन और विभिन्न पार्टी पदाधिकारियों के सहयोग से एकत्रित की गई। उन्होंने बताया कि आढ़ती एसोसिएशन द्वारा 250 बैग चोकर, आम आदमी पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा एक ट्रक दाना और ट्रक यूनियन द्वारा परिवहन के लिए दो ट्रक उपलब्ध कराए गए हैं। स. रंधावा ने कहा कि डेरा बाबा नानक के शाहपुर जाजां गाँव में बाढ़ के कारण लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। गाँव के कई परिवारों ने बाढ़ में अपने घर, पशुधन और दैनिक जरूरत की चीजें खो दी हैं। संकट की इस घड़ी में उनकी मदद के लिए आज लालडू से दो ट्रक भेजे गए हैं, एक ट्रक पशुओं के फीड से भरा है और दूसरा चोकर से।
विधायक ने कहा कि बाढ़ ने राज्य के कई इलाकों में भारी नुकसान पहुँचाया है। इस समय सभी लोगों, संस्थाओं और सरकार को मिलकर काम करने की जरूरत है ताकि बाढ़ प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द सामान्य जीवन में लाया जा सके। उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन, ट्रक यूनियन और अन्य सहयोगी संस्थाओं का विशेष आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस राहत सामग्री को एकत्रित करने और पहुँचाने में योगदान दिया।

## क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने लगातार बारिश के कारण रुके कार्यों के संबंध में बैठक की

**डेराबस्सी (साहिबजादा अजीत सिंह नगर), 10सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज नगर परिषद कार्यालय डेराबस्सी में नगर परिषद अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर पार्षदों और अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने शहर में लगातार हुई बारिश और बरसाती पानी के कारण प्रभावित हुए कार्यों और मरम्मत कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय से जमीनी स्तर पर जाकर लोगों के काम जल्द करवाएँ। श्री रंधावा ने कहा कि भारी बारिश के कारण कई गलियाँ क्षतिग्रस्त हो गई हैं, पेवर ब्लॉक उखड़ गए हैं, कुछ घर गिर गए हैं और कई गरीब परिवार छत, भोजन और राशन से वंचित हैं।

# फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
**श्रीमती राशि डोगरा डूडी** आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे साइबर अभियान के तहत महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर श्री राहुल प्रकाश आईपीएस द्वारा वर्तमान में बढ़ते हुए साइबर अपराधों व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु साइबर अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कम में दिनांक 09.09.2025 को साईबर सैल की आसूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां, पुलिस उप अधीक्षक



साइबर सैल श्री खलील अहमद के सुपरविजन में तथा एएचटीयू शाखा प्रभारी श्री राममिलन पुलिस निरीक्षक मय जाप्ता व साइबर सैल टीम जिला जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में कार्यवाही करने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम से श्री राममिलन पुलिस निरीक्षक, श्री कमलेश कुमार हैड कानि. 617 साईबर सैल, श्री बाबूलाल कानि. 1718 साईबर सैल ने साइबर फोड करने वाले अपराधियों के संबंध में आसूचना संकलन की गई तो हनुमान मोबाईल पोईन्ट गांव ममाणा थाना नरेना द्वारा फर्जी तरीके से जारी की गई 04 सिमों से साईबर फॉड करना जानकारी में आया जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त दुकान की तलाश की गई तो वर्तमान में देव मोबाईल रिपेयरिंग के नाम से गांव मरवा में हनुमान लाल पुत्र हरिराम गुर्जर निवासी गुर्जरों का मौहल्ला नांगल कोरसिना थाना सांभर जिला जयपुर द्वारा दुकान संचालित करना मालूम हुआ जिस पर पुलिस टीम द्वारा गांव मरवा में पंहुचकर देव मोबाईल रिपेयरिंग के मालिक हनुमान लाल को डिटेन कर साइबर फ्रॉड के काम में ली गई 04 सिमों के बारे मे पूछताछ की गई तो बताया कि मोबाईल कम्पनीयों द्वारा टारगेट दिया जाता था तथा टारगेट को पूरा करने के लिए कभी-कभी एक ग्राहक के नाम से एक से ज्यादा सिम जनरेट कर सिम मेरे पास रख लेता था जिसको बाद मे साइबर फॉड करने वाले लोगों को बेच देता था। जिन लोगों के नाम से सिम
जारी की गई थी उनसे से पूछताछ की गई तो बताया कि हनुमान गुर्जर मोबाईल वाले ने हमारे पहचान पत्र का दुरुपयोग कर फर्जी सिम निकालकर उन्हे सायबर ठगों को बेच दिया, हमने इन सिमों का कभी भी उपयोग नहीं किया। आरोपी के कब्जे से सिम एक्टीवेट करने के काम में लिया जाने वाला मोबाइल फोन मय सिम जप्त किया गया है। अभियुक्त द्वारा फर्जी तरीके से साइबर फॉड करने वाले लोगों को बेची गई 04 सिमों को समन्वय पोर्टल / साइबर क्राईम पुलिस पोर्टल (1930) पर चैक किया गया तो कुल 10 शिकायत विभिन्न राज्यों में दर्ज होना पायी गई हैं। इस पर अभियुक्त हनुमान लाल को गिरफ्तार कर विरुद्ध अपराध धारा 318(2), 318(3), 318(4), 316(2), 319(2), 336(3), 338, 339, 112(2), 61(2) (ख) बीएनएस, धारा 66उ, 66ऊ क्ळ अू३
एवं धारा 42 (3) (ए), 42(6) दूरसंचार अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान थानाधिकारी सांभरलेक श्री राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक के सुपुर्द किया गया। आरोपी से प्रकरण में पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

## श्रीमती रेणु देवी माननीय मंत्री पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार -सह- प्रभारी मंत्री सिवान के कर कमलों से नियुक्ति पत्र का वितरण 12 सितंबर 2025 को डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में आयोजित समारोह में किया जाएगा



**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**
सिवान,10 सितंबर 2025 बुधवार को जिला पदाधिकारी सिवान डॉआदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में 12 तारीख को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के तैयारी के निमित्त बैठक समाहरणालय अवस्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी तैयारियां को स-समय पूर्ण करने का निर्देश दिया।* शिक्षा विभाग में अनुकंपा के आधार पर कुल 160 पद पर, 220 होमगार्ड के पद पर बहाली, अनुकंपा के आधार पर जन वितरण प्रणाली के 20 दुकान के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण माननीय मंत्री पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार सह- प्रभारी मंत्री सिवान श्रीमती रेणु देवी के कर कमलों के द्वारा 12 सितंबर 2025 को डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में 10.30 बजे पूर्वाह्न से किया जाएगा।
शिक्षा विभाग सिवान के अंतर्गत मृत सरकारी कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर विद्यालय लिपिक एवं परिचारी के पदों पर जिला अनुकंपा समिति द्वारा 160 आश्रितों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिसमें विद्यालय लिपिक के लिए कुल 153 एवं विद्यालय के परिचारी पद के लिए कुल 07 आश्रितों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई है। होम गार्ड की नियुक्ति प्रक्रिया के तहत अंतिम रूप से 220 अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई है। जन वितरण प्रणाली के दुकान के लिए अनुकंपा के आधार पर कुल 20 आश्रितों को लाइसेंस वितरित किया जाएगा ।

## 02 साल से फरार वांछित आरोपी आकाश राठी उर्फ अनिकेत गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
**श्रीमान पुलिस** उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) श्री राजर्षि राज आई.पी.एस. ने बताया कि दिनांक 27.01.2023 को परिवादी श्री कमल लाल मीना ने पुलिस थाना अशोकनगर पर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि विशाल रघुवंशी एवं आकाश राठी ने मिली भगत कर परिवादी के साथ करीब 05 लाख रुपए की ठगी कर ली जिसपर थाने पर मु.नं. 41/2023 धारा 420,406,120बी आई.पी.सी. में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। दौराने अनुसंधान विशाल रघुवंशी को गिरफतार किया जा चुका है तथा फरार आरोपी आकाश राठी की दस्तयाबी हेतु श्री ललित किशोर शर्मा-अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) के निर्देशन व श्री बालाराम-सहायक पुलिस आयुक्त अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) के निकट सुपरविजन में श्री कृष्ण कुमार यादव पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) के नेतृत्व में श्री राजकुमार स.उ.नि., श्री रामरतन कानि 3503 गठीत पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व सतत निगरानी रखकर 02 साल से फरार वांछित आरोपी आकाश राठी उर्फ अनिकेत पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार जाति जाट उम्र 29 साल निवासी म.नं 301 अब्दुल्ला नगर उर्फ सोनटा तहसील खतोली पुलिस थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फर नगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया।




## बलात्कार का आरोपी मुकेश कुमार गुर्जर गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
**राजर्षि राज** आई.पी.एस पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बताया कि दिनांक 21.05.2025 को परिवादिया ने थाना हाजा पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट दी कि मैं कमला नेहरू नगर गोपालपुरा बायपास कॉलोनी में किराए के मकान में रहती हूं और मेरे साथ मेरे पति भी रहते हैं यहां पर मैं कुछ समय तो स्वस्थ रही लेकिन कुछ समय बाद में बीमार पड़ गई तो मेरे पति ने मुझे रटर व सामान्य मेडिकलों पर मुझे दवाइयां दिलाई लेकिन इन दवाइयां से मेरी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई फिर मैं और मेरे पति आसपास के देवताओं व मंदिरों में धोक दिलाई लेकिन इनसे मेरे कुछ भी फायदा नहीं हुआ तो मेरे पति ने इधर-उधर कोई तलाशी की तो हमारा संपर्क मुकेश कुमार गुर्जर से संपर्क हुआ तो इसने हमें आश्वासन दिया कि तुम्हारा इलाज में मेरे मामा भगत जी से करवा दूंगा तो इसने तबीयत पूछने के बहाने से मुझे कॉल करने लगा और धीरे-धीरे कॉल करता रहा तथा मेरे और मेरे पति के बारे में पूछताछ करने लगा फिर सब कुछ पूछने का बाद मुझ पर दबाव बनाने लगा कि आप मुझे कॉल पर अश्लील बातें करो नहीं तो मैं आपको फिर से उसी स्थिति में बीमार करा दूंगा मैं डर के उनसे बात करने लगी लेकिन वह तो फिर से मुझ पर दबाव बनाने लगा और कहा कि आप मुझसे कब मिलोगे तो मैंने साफ इनकार कर दिया लेकिन यह तो अपनी गुंडागर्दी से मुझे डराने लगा और मुझे कहा कि मैं तेरे मकान पर आ रहा हूं किसी से कुछ कहने की हिम्मत मत करना नहीं तो तुझे और तेरे पति को दोनों को मरवा दूंगा मौका पाकर यह मुकेश मेरे कमरे में दिनांक 7.3.2025 को शाम 6.30 बजे घुस गया और मेरे साथ जबरदस्ती करने लगा और मेरा मुंह दबाकर मुझे कुछ भी आवाज नहीं निकालने दिया और फिर मेरा बलात्कार किया और बलात्कार करके किसी को कुछ नहीं बताने की धमकी देकर चला गया। आप कानूनी कार्यवाही करें।



# पुलिस कालिका पैट्रोलिंग टीम कैंप गोविन्दगढ की बड़ी कार्रवाई

**देश का दर्पण न्यूज**
**श्रीमती राशी डोगरा** डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र-स्कुलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड वालों वाले क्षेत्रों में महिलाओं व बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार, छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम हेतु अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसआईयूसीएडब्ल्यू) श्री बृजमोहन मीणा व वृताधिकारी वृत गोविन्दगढ़ श्री राजेश जांगिड



के निकटतम सुपरविजन में पुलिस कालिका पेट्रोल टीम कैंप गोविन्दगढ़ के द्वारा दिनांक 08.09.2025 को स्कुलों कॉलेजों धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त करते हुए तातेडा मोड सरकारी स्कूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगल कला के पास स्कूल कि बालिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर भागते हुए एक मनचले सुरेन्द्र को डिटेन कर पुलिस थाना गोविन्दगढ को सुपुर्द किया जिस पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी गोविन्दगढ श्री विनोद सांखला पुलिस निरीक्षक द्वारा मनचले सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री मंगलचन्द जाति बलाई उम 36 साल निवासी रेल्वे स्टेशन के पास गोविन्दगढ थाना गोविन्दगढ जिला जयपुर को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया है।

# अवैध भण्डारण के प्रयोजन हेतु परिवहन करते 195 गैस सिलेण्डर जप्त कर 04 आरोपियों को किया डिटेन

**देश का दर्पण न्यूज**
**श्रीमती** राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमान महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज, जयपुर द्वारा नेशनल हाईवे पर लेन ड्राईव अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ श्री प्रदीप यादव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी चन्दवाजी श्री हीरालाल सैनी पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रात्री को टीएसी पुलिया



पर रात्री गश्त की जा रही थी, उसी दौरान टीएसी पुलिया के पास शाहपुरा की तरफ से गैस सिलेण्डर भरे हुये पिकअप नम्बर फ्छ 14 ळ्द्ध 6295 व फ्ख 14 ऋफ़ 9497 व एक टैम्पू नम्बर फ्ख 14 ऋफ़ 8188 आये जिनको रूकवाकर वाहन में भरे गैस सिलेण्डरों के बारे में कागजात चाहे तो कोई कागजात होना नहीं बताया तथा वाहनों में गैस सिलेण्डर भारत गैस के भरे होना बताया व गैस सिलेण्डरों के सम्बन्ध में चालकों द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जिस पर उक्त तीनो वाहनों व चालक व परिचालक मनकेश, मांगीलाल, विकास व दिनेश को डिटेन कर थाना पर लेकर आये व तीनों वाहनों को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खड़ा कर उक्त गैस सिलेण्डरो के सम्बन्ध में जिला रसद अधिकारी को कार्यवाही हेतु सुचित किया गया। जिस पर रसद विभाग से श्रीमती गौरा मीना प्रवर्तन अधिकारी आमेर व प्रवर्तन अधिकारी शाहपुरा श्री राजेश टांक चन्दवाजी थाने पर आये जिनके द्वारा तीनों वाहनो में भरे सिलण्डेरों के सम्बन्ध में वाहन चालक व परिचालक से पूछताछ व जांच की गयी। प्राथमिक जांच में प्रथम दृष्टया तीनों वाहनों में भरे कुल 195 गैस सिलेण्डर भारत गैस कम्पनी के दुरूपयोग के प्रयोजन से अवैध भण्डारण हेतु परिवहन करना पाया जाने से सभी 195 गैस सिलेण्डर व तीनों वाहनों को आवश्यक वस्तु अधि. नियम के तहत जप्त किया गया है।

## बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का डीएम और महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने किया दौरा

**देश का दर्पण न्यूज।उत्तर प्रदेश से संवाददाता।। प्रमोद शर्मा की रिपोर्ट**
**आगरा।** बुधवार को आगरा जिलाधिकारी अरविंद बंगारी मलप्पा, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एसडीएम सदर ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र नगला बूढ़ी आनंदी भैरव मंदिर के पीछे की बस्तियों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही क्षेत्रियों लोगों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने क्षेत्रियों लोगों को आश्वासन दिया कि प्रशासन हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर है। आप सभी अफवाहों पर ध्यान न देने और धैर्य बनाए रखें। प्रशासन हर स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। राहत और बचाव कार्य की सभी तैयारियां पूरी है। वहीं सभी से कहा कि अगर यमुना का जलस्तर बढ़ता है तो आप लोगों के लिए शेल्टर होम बनाए हुए हैं आप वहां जाकर रहे। महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बाढ़ ग्रस्त निवासियों से बातचीत करते हुए कहा कि इस मुश्किल घड़ी में वह और उनकी टीम पूरी तरह से उनके साथ खड़ी है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी और उन्हें किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अरविंद बंगारी मलप्पा, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एसडीएम सदर, कैलाश मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, दीन दयाल मंडल अध्यक्ष राहुल जैन, क्षेत्रीय पार्षद निशांत सिंह मौजूद रहे।



# वांछित अभियुक्त आसिन खान उर्फ यासिन को दस्तयाब कर पुलिस थाना बगरू जयपुर पश्चिम को किया सुपुर्द

**देश का दर्पण न्यूज**
**पुलिस उपायुक्त** (अपराध) श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जयपुर शहर में वांछित / ईनामी अपराधियों की धरपकड हेतु श्री रिछपाल सिंह, अति. पुलिस उपायुक्त, संगठित अपराध के निकट सुपरविजन एव नेतृत्व में उ.र.ळ. आयुक्तालय जयपुर की



टीम द्वारा वांछित / ईनामी अपराधियों के संम्भावित स्थानों पर तलाश एवं आसूचना संकलित की जाकर सूचनाओं को डवलप कर पुलिस थाना बगरू जयपुर (पश्चिम) में कार्यवाही करते हुये वंछित अपराधी आसिन खान उर्फ यासिन पुत्र श्री पप्पू खान को गिरफ्तार किया गया।

## कंगला गैंग के शातिर 03 मोबाईल स्नैचर नरेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र मीणा व शंकर बणजारा को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन आईपीएस ने
बताया कि पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व में हो रही मोबाईल स्नैचिंग की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री आशाराम चौधरी मार्गदर्शन मे, सहायक पुलिस आयुक्त सागांनेर श्री विनोद शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी प्रतापनगर मनोज बैरवाल के नेतृत्व में थाना स्तर पर स्पेशल टीम का गठन किया गया। दिनांक 09.09.2025 का परिवादी श्री रजत दीक्षित पुत्र श्री विनय कुमार उम्र 30 साल जाति ब्राहमण निवासी 164 कौशलपुरी थाना कोतवाली हरदोई उतरप्रदेश हाल टेलीपरफोरमेन्स एलआईसी ऑफिस के सामने टोंक रोड थाना सांगानेर जयपुर ने उपस्थित होकर एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि मैं टेलीपरफोरमेन्स प्रताप नगर जयपुर से दिनांक 08.09.2025 को 7:45 पीएम पर हल्दीघाटी रोड से जा रहा था तो पन्नाधाय सर्किल के पास से दो मोटरसाईकिल सवार लडके मेरा मोबाईल छीन कर ले गये। जिनके खिलाफ कार्यवाही कर मेरा मोबाईल दिलवाये आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 704/2025 धारा 304(2) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। दौराने अनुसंधान थाना हाजा की स्पेशल टीम द्वारा घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज देखकर अपने मुखवीर तन्त्र से प्रकरण हाजा के मुल्जिमान का ट्रेस किया गया
। टीम के सदस्य गणेश कानि. को अपने मुखबीर तन्त्र की सहायता से सूचना मिलने पर परिवादी के बत्ताये हुलिये के आधार पर राणा सांगा मार्ग से श्री राम विहार की तरफ जाने वाले रोड पर आरोपियों का पिछा कर पुलिस टीम द्वारा डिटेन किया गया व मौके से ही वारदात में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल व 05 मोबाईलों को मिलान कर जप्त किया। आरोपी नरेन्द्र सिहं व पुष्पेन्द्र मीणा को बाद अनुसंधान प्रकरण में गिरफ्तार किया गया जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है। प्रकरण संख्या 705/2025 धारा 303 (2) बीएनएस में आरोपी शंकर बणजारा को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक मोबाईल बरामद कर, जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।




# एनडीपीएस एक्ट के दर्ज प्रकरण में करीब 04 साल से फरार चल रहे थाने के टॉप-10 अभियुक्त नरेन्द्र कुमार को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
**श्रीमती राशि डोगरा डूडी** आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले में एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों, स्थायी वारण्टी / पीओज / 335 बीएनएसएस में गिरफ्तारी वारण्टी, ईनामी अपराधियों, सामान्य प्रकरणों में वांछितों को अधिक से अधिक गिरफ्तार करने हेतु जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था जिसकी पालना में अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू श्री दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी दूदू श्री मुकेश कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट के दर्ज प्रकरण संख्या 42/21 में फरार चल रहे आरोपी नरेन्द्र कुमार की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रकरण में फरार वांछित आरोपी नरेन्द्र कुमार जो डोडा पोस्त के परिवहन में प्रयुक्त गाडी एटीओस चला रहा था और मौके से चकमा देकर घटना के बाद से ही असम राज्य में 04 साल से फरारी काट रहा था तथा उक्त वांछित अभियुक्त थाना दूदू का टॉप 10 अपराधी घोषित था। जिसके संबंध में पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा दबिश दी जाकर अभियुक्त नरेन्द्र कुमार को दिनांक 08.09.2025 को मलसीवास थाना नेछवा जिला सीकर से गिरफ्तार किया गया है, जिससे प्रकरण में अनुसंधान किया जाकर प्रकरण में शेष फरार अभियुक्त रमेश जाट की तलाशी के प्रयास किये जा रहे हैं।
प्रकरण में पूर्व में अभियुक्त शंकर सिंह, रामप्रताप उर्फ प्रताप, लोकेश पूनिया व इरफान को वाहन कार इटिओस नंबर आरजे 14 टीडी 5282 च इनोवा क्रिस्टा नंबर आरजे 14 टीई 4289 में 318 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया था।

## ट्रंप का भारत पर हमला: 'भारत ने अमेरिका को नुकसान पहुंचाया'

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर एक बार फिर से हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भारत ने वर्षों तक अमेरिका को व्यापार के मोर्चे पर 'नुकसान' पहुंचाया है, लेकिन अब वह शून्य-शुल्क व्यापार की पेशकश कर रहा है। ट्रंप का यह बयान दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों पर एक नई बहस को जन्म दे सकता है। ट्रंप ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को हमेशा से ही असंतुलित बताया है।

**शून्य-शुल्क की पेशकश:** ट्रंप ने कहा कि भारत की यह पेशकश सिर्फ दिखावा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत ने पहले अमेरिका से अनुचित लाभ उठाया, और अब जब वह मजबूत स्थिति में हैं, तो वह इस तरह की पेशकश कर रहा है। ट्रंप का यह बयान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत के बीच आया है। यह देखना होगा कि इस बयान का दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत पर क्या असर पड़ता है।

**संबंधों पर असर:** ट्रंप के इस बयान से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। भारत सरकार ने इस पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, यह तय है कि यह बयान भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापारिक बातचीत में एक बड़ी बाधा बन सकता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने रूसी समकक्ष को दी परोक्ष धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के संबंध में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिए गए अपने संदेश के बारे में पूछे जाने पर चेतावनी जारी की। सीएनएन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि ट्रंप ने ओवल ऑफिस से कहा, 'राष्ट्रपति पुतिन के लिए मेरा कोई संदेश नहीं है। वह जानते हैं कि मैं किस स्थिति में हूँ, और वह किसी न किसी तरह से कोई न कोई फैसला लेंगे। उनका जो भी फैसला होगा, हम या तो उससे खुश होंगे या नाखुश, और अगर हम उससे नाखुश हैं, तो आप देखेंगे कि क्या होगा, राष्ट्रपति ने परोक्ष धमकी देते हुए कहा। रूस के खिलाफ प्रशासन की अब तक की कार्रवाइयों - या उनकी कमी - के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप स्पष्ट रूप से उत्तेजित हो गए। ट्रंप ने कहा, ÷आपको कैसे पता कि कोई कार्रवाई नहीं हुई है? क्या आप कहेंगे कि चीन के अलावा सबसे बड़े खरीदार भारत पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाना लगभग बराबर है। क्या आप कहेंगे कि कोई ऐसी कार्रवाई नहीं हुई जिससे रूस को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ हो?' उन्होंने कहा, 'आप इसे कोई कार्रवाई नहीं कहते।'

## इज़रायल ने हमास के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराया, गाजा सिटी पर हमले जारी रखने का लिया संकल्प

**गाजा/यरूशलम।** इज़रायल ने गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए एक व्यापक युद्धविराम समझौते पर पहुँचने के हमास के प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि उसकी सेना गाजा सिटी पर एक बड़े हमले की तैयारी जारी रखेगी। हमास ने जारी एक प्रेस बयान में एक 'व्यापक समझौते' पर पहुँचने की अपनी इच्छा दोहराई जिसके तहत गाजा में इज़रायली बंधकों को इज़रायल में बंद फ़िलिस्तीनी कैदियों की एक निश्चित संख्या के बदले रिहा किया जाएगा। हमास के अनुसार, इस समझौते में स्थायी युद्धविराम, गाजा से इज़रायली सेना की वापसी, मानवीय सहायता और आवश्यक आपूर्ति के लिए सीमा चौकियों को फिर से खोलना और पुनर्निर्माण प्रयासों की शुरुआत भी शामिल होगी। हमास ने गाजा के नागरिक मामलों के प्रबंधन की तत्काल ज़िम्मेदारी लेने के लिए टेक्नोक्रेटों से युक्त एक स्वतंत्र राष्ट्रीय प्रशासन की स्थापना का भी समर्थन किया। इसके जवाब में इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बयान को 'एक भ्रामक' बताकर खारिज कर दिया। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में नेतन्याहू ने कहा कि इज़रायल युद्ध समाप्त करने के लिए तभी सहमत होगा जब हमास गाजा पट्टी पर पूर्ण इज़रायली सुरक्षा नियंत्रण, हमास और गाजा का विसैन्यीकरण, एक गैर-फ़िलिस्तीनी प्रशासन की स्थापना और सभी बंधकों की रिहाई को स्वीकार कर ले।

## ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर भारतीयों समेत कुछ खास समूहों के प्रवासियों को लाने के दावे से पीछे हटी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की लिबरल सीनेटर जसिंटा नम्पिजिनपा प्राइस अपने उस दावे से पीछे हट गयी जिसमें कहा गया था कि देश की संघीय सरकार अपने वोटों को मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों सहित कुछ खास समूहों के प्रवासियों को ला रही है। सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक सुश्री प्राइस ने एबीसी के आफ्टरनून ब्रीफिंग कार्यक्रम में आव्रजन मुद्दों पर चर्चा के दौरान यह दावा किया था। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि ज्यादातर ऑस्ट्रेलियाई आव्रजन को लेकर चिंतित हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि लोग 'मुख्य संख्या या आने वाले प्रवासियों के स्वरुप' को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा ,यह निश्चित रूप से मुख्य संख्या है और निश्चित रूप से इस सरकार का ध्यान अन्य देशों की बजाय विशिष्ट देशों से प्रवासियों को लाने पर है।

# लिस्बन में इलेक्ट्रिक स्ट्रीटकार दुर्घटनाग्रस्त, 15 लोगों की मौत, 18 घायल

एजेंसी

**लिस्बन ।** लिस्बन के सबसे प्रसिद्ध पर्यटक आकर्षणों में से एक ग्लोरिया फनिक्युलर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 15 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल इमरजेंसी के हवाले से दी। समाचार एजेंसी के अनुसार, पुर्तगाली राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने बेलेम पैलेस में गुरुवार से रविवार तक होने वाले पुस्तक महोत्सव को रद्द कर दिया है। राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, यह निर्णय लिस्बन में ग्लोरिया फनिक्युलर (इलेक्ट्रिक स्ट्रीटकार) से जुड़ी गंभीर दुर्घटना के पीड़ितों की स्मृति और शोक संतप्त परिवारों के प्रति एकजुटता में लिया गया है। सभी



दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया और सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया। लिस्बन के मेयर कार्लोस मोएदास ने इसे 'एक कठिन दिन' बताते हुए कहा कि शहर 'कड़ी मेहनत' कर रहा है। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पुर्तगाली भाषा में पोस्ट करके अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'मुझे प्रसिद्ध एलेवेडोर दा ग्लोरिया के पटरी से उतरने की खबर सुनकर दुख हुआ। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा, 'वह लिस्बन में ग्लोरिया फनिक्युलर की भयानक दुर्घटना से स्तब्ध हैं।' पोस्ट में सांचेज ने पीड़ितों के परिवारों और पुर्तगाली लोगों के प्रति 'इस कठिन घड़ी में' 'अपना पूरा स्नेह और एकजुटता' व्यक्त की। उन्होंने आगे कहा, 'घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।' इतालवी विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने लिखा कि उन्होंने पुर्तगाली विदेश मंत्री पाउलो रंगेल से मुलाकात की और 'पीड़ितों के प्रति अपनी एकजुटता' व्यक्त की। लिस्बन स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। दूतावास ने लिखा, 'लिस्बन के ग्लोरिया फनिक्युलर के पटरी से उतरने की दुखद घटना से हम स्तब्ध हैं।

## नेपाल में फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, वाट्सएप्प सहित अधिकांश सोशल मीडिया साइट पर प्रतिबंध का फैसला

एजेंसी

**काठमांडू।** सरकार ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में पंजीकरण न कराने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुङ्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया गया जो निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण नहीं कराया है। मंत्री गुरूंग ने बताया सरकार ने पिछली बार सभी सोशल मीडिया साइट्स को लिस्टिंग के लिए सात दिनों की समय सीमा




दी थी। यह समय सीमा बीती रात 12 बजे समाप्त हो गई इसलिए आज यह निर्णय लिया गया। सरकार के इस फैसले के बाद नेपाल में फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, वाट्सएप्प, यूट्यूब, गूगल, मैसेंजर आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निष्क्रिय करने के लिए नेपाल टेलीकॉम को पत्र भेज दिया गया है। नेपाल में अब तक सिर्फ टिकटक, वाइबर, निम्बज, विटक और पोपो लाइव ने ही कंपनी रजिस्ट्रार ऑफिस में रजिस्ट्रेशन करवाया है।

## पूर्वाचल प्लॉट घोटाले में ढाका की अदालत ने हसीना के बचाव की याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका की एक विशेष न्यायालय ने पूर्वांचल प्लॉट घोटाले में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का बचाव करने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर आज सुनवाई करने से इनकार कर दिया। द डेली स्टार अखबार ने यह खबर याचिकाकर्ता वकील मोर्शेद हुसैन शाहीन के हवाले से अपनी वेबसाइट पर दी है। वकील शाहीन ने बताया कि न्यायाधीश मोहम्मद रबीउल आलम ने इस बाबत कुछ दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि अदालत ने कहा है कि कानूनी बाधाओं के कारण इस मामले में राज्य की ओर से बचाव पक्ष नियुक्त करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

दरअसल, पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना के तहत भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितता को लेकर हसीना, रेहाना और ट्यूलिप सहित 23 लोगों के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आज अदालत को अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयान दर्ज करने थे। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने 12 से



14 जनवरी के बीच अपने ढाका एकीकृत जिला कार्यालय में इस बाबत छह अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अनुसार हसीना ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना के सेक्टर 27 के राजनयिक क्षेत्र में अपने और अपने बेटे सजीब वाजेद जॉय और बेटी साइमा वाजेद पुतुल, रेहाना और उनके बेटे रदवान मुजीब सिद्दीक बॉबी और बेटी अजमीना के लिए अवैध रूप से छह भूखंड (प्रत्येक 10 कट्ठा) हासिल किए। मौजूदा नियमों के तहत वे इसके लिए अयोग्य थे।

## हार्वर्ड विवि को ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत मिली

एजेंसी

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत हासिल की। बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा कि सरकार ने यहूदी-विरोधी भावना को जड़ से खत्म करने के नाम पर अरबों डॉलर के अनुसंधान कोष को रोककर कानून तोड़ा है। कानूनविद् कहते हैं कि यह फैसला हार्वर्ड को व्हाइट हाउस के साथ समझौता वार्ता में नई ताकत दे सकता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज के फैसले की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि यह एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसने अपने शोध निधि पर प्रशासन के लक्षित हमले के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। न्यायाधीश बरोज ने 84 पृष्ठों के अपने फैसले में लिखा, हमें यहूदी-विरोध के खिलाफ लड़ना होगा, लेकिन हमें अपने अधिकारों की भी रक्षा करनी होगी, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी शामिल है और किसी भी लक्ष्य को दूसरे की वेदी पर बलिदान नहीं किया जाना चाहिए। चाहिए। उन्होंने कहा, हार्वर्ड वर्तमान में, भले ही देर से ही सही, यहूदी-विरोध से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है और जरूरत पड़ने पर और भी अधिक करने को तैयार है। न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा, अब अदालतों का काम है कि वे भी इसी तरह आगे आएं। संविधान द्वारा अपेक्षित शैक्षणिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कदम उठाएं। यह सुनिश्चित करें कि महत्वपूर्ण शोध को अनुचित रूप से मनमाने और प्रक्रियात्मक रूप से कमजोर अनुदानों से न रोका जाए, भले ही ऐसा करने से अपने एजेंडे के प्रति प्रतिबद्ध सरकार के क्रोध का जोखिम हो, चाहे इसके लिए उसे कोई भी कीमत चुकानी पड़े। निर्णय के एक भाग के रूप में, न्यायाधीश बरोज ने कहा कि ट्रंप प्रशासन हार्वर्ड के संघीय अनुसंधान निधि पर %%अपने प्रथम संशोधन अधिकारों के प्रयोग के प्रतिशोध में या नागरिक अधिकार कानून की शर्तों के अनुपालन के बिना भेदभाव के किसी भी कथित आधार पर नई रुकावटें जारी नहीं कर सकता। व्हाइट हाउस ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता लिज ह्यूस्टन ने कहा, किसी भी निष्पक्ष पर्यवेक्षक के लिए यह स्पष्ट है कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय अपने छात्रों को उत्पीड़न से बचाने में विफल रहा और वर्षों तक अपने परिसर में भेदभाव को पनपने दिया। हार्वर्ड का करदाताओं के पैसे पर संवैधानिक अधिकार नहीं है और वह भविष्य में अनुदान के लिए अयोग्य बना रहेगा। इस कठोर फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी। हमें विश्वास है कि हार्वर्ड को जवाबदेह ठहराने में हम सफल होंगे।

# हार्वर्ड विवि को ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत मिली

एजेंसी

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत हासिल की। बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा कि सरकार ने यहूदी-विरोधी भावना को जड़ से खत्म करने के नाम पर अरबों डॉलर के अनुसंधान कोष को रोककर कानून तोड़ा है। कानूनविद् कहते हैं कि यह फैसला हार्वर्ड को व्हाइट हाउस के साथ समझौता वार्ता में नई ताकत दे सकता है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज के फैसले की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि यह एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसने अपने शोध निधि पर प्रशासन के लक्षित हमले के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। न्यायाधीश बरोज ने 84 पृष्ठों के अपने फैसले में लिखा, हमें यहूदी-



विरोध के खिलाफ लड़ना होगा, लेकिन हमें अपने अधिकारों की भी रक्षा करनी होगी, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी शामिल है और किसी भी लक्ष्य को दूसरे की वेदी पर बलिदान नहीं किया जाना चाहिए। चाहिए। उन्होंने कहा, हार्वर्ड वर्तमान में, भले ही देर से ही सही, यहूदी-विरोध से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है और जरूरत पड़ने पर और भी अधिक करने को तैयार है। न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा, अब अदालतों का काम है कि वे भी इसी तरह आगे आएं। संविधान द्वारा अपेक्षित शैक्षणिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कदम उठाएं। यह सुनिश्चित करें कि महत्वपूर्ण शोध को अनुचित रूप से मनमाने और प्रक्रियात्मक रूप से कमजोर अनुदानों से न रोका जाए, भले ही ऐसा करने से अपने एजेंडे के प्रति प्रतिबद्ध सरकार के क्रोध का जोखिम हो, चाहे इसके लिए उसे कोई भी कीमत चुकानी पड़े। निर्णय के एक भाग के रूप में, न्यायाधीश बरोज ने कहा कि ट्रंप प्रशासन हार्वर्ड के संघीय अनुसंधान निधि पर 'अपने प्रथम संशोधन अधिकारों के प्रयोग के प्रतिशोध में या नागरिक अधिकार कानून की शर्तों के अनुपालन के बिना भेदभाव के किसी भी कथित आधार पर' नई रुकावटें जारी नहीं कर सकता।

## किम जोंग उन की कुर्सी की सफाई: जाने के बाद स्टाफ ने क्यों रगड़-रगड़ कर धोया

एजेंसी

**बीजिंग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के सार्वजनिक कार्यक्रमों के बाद अजीबोगरीब प्रोटोकॉल का पालन करने का एक मामला सामने आया है। एक वीडियो में देखा गया कि जिस कुर्सी पर किम बैठे थे, उनके जाने के तुरंत बाद स्टाफ के सदस्य उसे रगड़-रगड़कर साफ करने लगे। यह घटना दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**वजह है सुरक्षा और गोपनीयता**

बताया जाता है कि इस अजीबोगरीब सफाई के पीछे किम जोंग उन की सुरक्षा और गोपनीयता की चिंता है। माना जाता है कि किम के शरीर से निकलने वाले किसी भी डीएनए या जैविक पदार्थ को मिटाने के लिए ऐसा किया जाता है, ताकि उनकी सेहत से जुड़ी कोई भी जानकारी लीक न हो सके। किम की



निजी जिंदगी और स्वास्थ्य को लेकर उत्तर कोरिया बेहद सतर्क रहता है और इसे गोपनीय रखता है।

**तैयारी और सुरक्षा की झलक**

यह घटना दिखाती है कि किम जोंग उन की सुरक्षा व्यवस्था कितनी कड़ी है। उनके हर सार्वजनिक दौरे से पहले और बाद में कड़ी सुरक्षा जांच और प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। स्टाफ द्वारा कुर्सी की सफाई करना भी इसी सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है।

# भारत के नए इमिग्रेशन नियमों से नेपाल और भूटान के नागरिकों को छूट

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत सरकार ने 2 सितंबर से पूरे देश में जो नए आप्रवासन नियम लागू किए हैं उससे नेपाल और भूटान के नागरिकों को छूट दी गई है। नए नियम में किसी भी विदेशी नागरिक को भारत प्रवेश करने पर अनिवार्य रूप से फॉर्म सी भरने का निर्देश जारी किया गया है। भारत के गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नए आप्रवासन नियमों से नेपाल और भूटान के नागरिकों को अलग रखा गया है। गृह मंत्रालय के इस नए नियम को लेकर नेपाल में संशय उत्पन्न होने के बाद काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर नेपाल और भूटान के नागरिकों को इस नए नियम से अलग रखने की जानकारी दी गई है। भारतीय दूतावास ने साफ किया है कि भारत के गृह मंत्रालय के तरफ से 2




सितंबर से लागू नए आप्रवासन नियमों से नेपाल और भूटान के नागरिकों को अलग रखा गया है। इस बयान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत के गृह मंत्रालय द्वारा जारी नई गाइडलाइन के मुताबिक नेपाल और भूटान के नागरिकों को नेपाल में प्रवेश करते समय पासपोर्ट या वीजा की कोई अनिवार्यता नहीं है। नेपाल या भूटान के नागरिक अपने साथ गृह मंत्रालय द्वारा चिन्हित किसी भी परिचय पत्र के साथ भारत की यात्रा कर सकते हैं। इनमें पासपोर्ट या नागरिकता का प्रमाणपत्र या वोटर आईडी कार्ड में से कोई भी एक होने पर हवाई मार्ग या सड़क मार्ग से भारत में प्रवेश कर सकते हैं। इसके अलावा 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए उनके स्कूल द्वारा जारी फोटो परिचय पत्र को मान्यता दिया गया है। साथ ही विशेष परिस्थिति में नई दिल्ली स्थित नेपाली या भूटानी दूतावास और काठमांडू और थिंपू स्थित भारतीय दूतावास के द्वारा जारी प्रमाण पत्र एक बार के लिए मान्य होगा।

भारतीय दूतावास द्वारा जारी सूचना में यह भी कहा गया है कि नए आप्रवासन कानून के तहत विदेश नागरिकों को भारत में प्रवेश करने के साथ ही जो फॉर्म सी भरने की अनिवार्यता है उससे भी नेपाली और भूटानी नागरिकों को अलग रखा गया है। नेपाल और भूटान के नागरिकों के लिए किसी भी प्रकार का फॉर्म एयरपोर्ट या होटल में भरना आवश्यक नहीं है।

# नाइजीरिया में नाव दुर्घटना में 60 लोगों की मौत

एजेंसी

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में एक नाव के पलट जाने से कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोगों को बचा लिया गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बोर्गु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल्लाही बाबा आरा ने कहा, नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है और हताहतों की संख्या बढ़ रही है।÷ उन्होंने आगे बताया कि 10 लोगों की हालत गंभीर है और कई अन्य अभी भी लापता हैं। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, आपातकालीन कर्मी और स्थानीय गोताखोर पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं।यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11 बजे



हुई, जब बोर्गु स्थानीय सरकारी क्षेत्र में गौसावा समुदाय के पास एक अतिभारित नाव एक पेड़ के ठूंठ से टकराकर पलट गई। शगुमी के जिला प्रमुख सादु इनुवा मुहम्मद ने बताया कि नाव में 100 से ज़्यादा लोग सवार थे, जिनमें ज़्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। नाइजीरिया में अक्सर नाव दुर्घटनाएँ, जो अक्सर क्षमता से अधिक सामान लादने, खराब मौसम और संचालन संबंधी त्रुटियों के कारण होती हैं, आम हैं।

## अफगानिस्तान के तखर प्रांत में 78 किग्रा अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 78 किलोग्राम अफीम बरामद किया है। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता निज़ामुद्दीन ओमीर ने यह जानकारी दी। पुलिस ने



कथित नशीले पदार्थों के तस्कर की कार की डिक्की से 78 किलोग्राम अफीम बरामद किया और वह मादक पदार्थ को तखर से किसी अज्ञात स्थान पर ले जा रहा था लेकिन पुलिस ने नियमित तलाशी के दौरान मादक पदार्थ बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों में अफ़ग़ानिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की यह दूसरी बरामदगी है। इससे पहले पुलिस ने मंगलवार को उत्तरी बगलान प्रांत में 18 किलोग्राम अफीम बरामद कर पुलिस ने दो तस्करों को हिरासत में लिया था।

# पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 883 लोगों की मौत, इस्लामाबाद में 'बाढ़' की चेतावनी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जून के अंत से हो रही मूसलाधार बारिश से हर तरफ तबाही का मंजर है। इस मानसूनी बारिश में हुए हादसों में अब तक 883 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 1,200 घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को बताया कि बुधवार देर रात से बारिश से जुड़ी घटनाओं में दो और बच्चों की जान चली गई। इनमें से एक की मौत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और दूसरे की जान इस्लामाबाद में गई। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) ने चेतावनी दी है कि ऊपरी क्षेत्रों में जारी भारी बारिश लाहौर, गुजरांवाला, रावलपिंडी और इस्लामाबाद में शहरी बाढ़ का कारण बन सकती है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने अपने राष्ट्रीय आपात संचालन केंद्र (एनईओसी) के माध्यम से अगले 12 से 24 घंटों में पाकिस्तान के कई क्षेत्रों में संभावित बारिश की चेतावनी जारी की थी। खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) और पंजाब प्रांतों को बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। केपी में



488 लोगों की मौत हो गई है और 360 घायल हुए हैं। प्रमुख पाकिस्तानी दैनिक द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सिंध में 58, पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान (पीओजीबी) में 41, पीओके में 38, बलूचिस्तान में 26 और इस्लामाबाद में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। पीएमडी ने चेतावनी दी है कि पंजाब के गंदा सिंह वाला क्षेत्र में सतलुज नदी में बाढ़ का स्तर असाधारण रूप से ऊंचा बना रहेगा, जबकि चिनाब नदी में एक नई बाढ़ पंजाब के मराला से नीचे की ओर पहुंच सकती है।

रिपोर्ट से पता चलता है कि पंजनद नदी (जहां चिनाब, रावी और सतलुज नदियां मिलती हैं) में 4 और 5 सितंबर के बीच जलस्तर बढ़ने की आशंका है, जिससे हजारों एकड़ कृषि भूमि और सैकड़ों गांवों को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। सिंध प्रांत के गुड्डू में सिंधु नदी में भी 6 या 7 सितंबर तक बाढ़ खतरनाक स्तर तक पहुंचने की आशंका है। पीएमडी के अधिकारियों ने पंजाब, केपी, पीओजीबी और पीओके के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है। चित्राल, दीर, स्वात, बुनेर और एबटाबाद सहित केपी के विभिन्न क्षेत्रों में छिटपुट बारिश की संभावना है। अधिकारियों ने निचले इलाकों में बाढ़ की भी चेतावनी दी है, साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के उफान पर होने और भूस्खलन का खतरा भी है। पीडीएमए के अनुसार, चिनाब नदी से आई बाढ़ ने पंजाब के झांग में 261 गांवों और मुजफ्फरगढ़ में कम से कम 24 गांवों को जलमग्न कर दिया है। बाढ़ में पानी के प्रचंड बहाव ने 9,200 से ज्यादा घरों को भी नष्ट कर दिया है, जिनमें से 4,700 केपी में और 2,100 पीओके में हैं। 6,000 से ज्यादा मवेशी बह गए हैं। इस आपदा में पूरे पाकिस्तान में लगभग 240 पुलों और 670 किलोमीटर से ज्यादा सड़कों को नुकसान पहुंचाया है।



# वेटेरिनरी साइंस में बनाएं उज्जवल भविष्य

यदि आपको पशु-पक्षियों से प्रेम है और उनकी सेवा करना चाहते हैं तो यह पेशा कल्याण, प्रतिष्ठा और पैसे के हिसाब से बहुत ही शानदार हो सकता है। पशुओं में होने वाली बीमारियों का पता लगाकर और उनका इलाज करके जो आपको संतुष्टि मिलेगी उसका कोई मोल नहीं है। इसके अलावा आप पशुधन में इजाफा करने में अहम भूमिका निभाएंगे। वर्तमान में पशुपालन एक इंडस्ट्री के रूप में उभरकर धनोपार्जन का माध्यम बना है। यदि आप वेटेरिनरी से रिलेटेड कोर्स कर लेते हैं तो रोजगार के लिए भटकना नहीं पडेगा।

### क्या काम है वेटेरिनरी चिकित्सक

वेटेरिनरी चिकित्सक का कार्य पशुओं के स्वास्थ्य का ख्याल रखना, बीमारियों से छुटकारा दिलाना उनके रहन-सहन एवं खान-पान में सुधार करना तथा उनकी उत्पादन तथा प्रजनन क्षमता बढाना होता है। इसके अलावा पशुओं से मनुष्यों में होने वाले रोगों से बचाव के लिए चिकित्सकीय उपाय ढूंढने का कार्य भी करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

*पशु-पक्षियों से प्रेम*
*पशु पक्षियों के व्यवहार की जानकारी*
*पशु-पशुओं के मौसमी रोगों की जानकारी*
*धर्य और लगातार कार्य करने की क्षमता*
*एजुकेशनल क्वालिफिकेशन*

वेटेरिनरी साइंस में ग्रेजुएशन करने के लिए इंट्रेंस एग्जामिनेशन होता है। इस परीक्षा में बैठने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ 102 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह परीक्षा वेटेरिनरी काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा हर वर्ष आयोजित की जाती है। प्रत्येक राज्य के वेटेरिनरी कालेज की 15 प्रतिशत सीटें इस परीक्षा द्वारा भरी जाती हैं। शेष सीटें राज्य के वेटेरिनरी कॉलेज स्वयं प्रवेश परीक्षा आयोजित करके भरते हैं। इसमें पोस्टग्रेजुएशन करने के लिए वेटेरिनरी साइंस में ग्रेजुएशन और पी-एचडी. के लिए पोस्टग्रेजुएशन होना अनिवार्य है।

### जॉब्स की संभावनाएं

भारत सरकार की उदारीकरण नीतियों तथा वेटेरिनरी इंडस्ट्री के व्यावसायीकरण के कारण यह इंडस्ट्री प्रतिवर्ष ग्रोथ कर रही है। सरकारी तथा गैर सरकारी पशुचिकित्सालयों में पशुचिकित्सक, एनीमल हसबैंड्री डिपार्टमेंट, पोल्ट्री फार्म, डेयरी इंडस्ट्री, मिल्क एंड मीट प्रोसेसिंग इंडस्ट्री, फूड मैन्यूफैक्चरिंग, फार्मास्युटिकल वैक्सीन प्रोडक्शन इंडस्ट्री से संबंधित मल्टीनेशनल कम्पनियों के आने से इसमें नौकरी की डिमांड बढी है। इसके अलावा निजी अस्पताल खोलकर आप धन अर्जित कर सकते हैं, रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा शिक्षण संस्थानों में शिक्षक के रूप में नौकरी कर सकते हैं। इसके जानकार बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी कार्य कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- शेर-ए काश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू
- हिमाचल प्रदेश कृ षि विश्वविद्यालय, पालमपुर
- नरेन्द्र देव यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, फैजाबाद
- बिहार वेटरिनरी कॉलेज, पटना
- बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, रांची
- गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर
- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार
- कालेज ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एनीमल हसबैंड्री मथुरा, यूपी
- एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना



# वाइल्ड लाइफ में बनाएं सुनहरा भविष्य

तेजी से कम होती जंगली प्रजातियों की संख्या ने दुनियाभर के वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों की चिंता बढ़ा दी है। वन्य जीवों के साथ वनों में पाई जाने वाली तमाम तरह की प्राकृतिक संपदा को लेकर भी देश-विदेश में कई शोधकार्य चलते ही रहते हैं। वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर पूरी दुनिया में जिस तरह के प्रयास किये जा रहे हैं उससे वाइल्ड लाइफ से जुड़े कई तरह के कैरिअर उभरकर आ रहे हैं।

इसलिए वाइल्ड लाइफ से जुड़े किसी भी क्षेत्र में कैरिअर बनाने का अर्थ है आपको रोजगार के पीछे नहीं भागना होगा बल्कि रोजगार खुद आपके पास चलकर आएगा। दरअसल वाइल्ड लाइफ खतरों व मुसीबतों से भरा क्षेत्र माना जाता है, इसलिए इस क्षेत्र में करिअर बनाने वाले बहुत कम होते हैं।इस क्षेत्र में इतनी तेजी से काम हो रहा है कि अभी भी पूरी दुनिया में लाखों की तादाद में कुशल वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट की कमी है। अगर आपके पास इस क्षेत्र से जुड़ा थोड़ा-बहुत भी अनुभव है तो समझ लीजिए आपकी लॉटरी लग गई।

वातावरण को संतुलित बनाए रखने में जितनी भूमिका पेड़-पौधे निभाते हैं उतना ही महत्व जंगली जीवों का भी होता है। इसके बढ़ते बाजार ने वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ के कैरिअर को चार-चांद लगा दिये हैं। सरकारी सस्थाओं के अलावा देश-विदेश के एनजीओ भी वाइल्ड लाइफ से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए कुशल वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ की तलाश कर रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों की तरह सुविधाएं नहीं हैं लेकिन यदि आप में काम करने का जुनून है तो पैसे कोई मायने नहीं रखते। वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ के काम को समझते हुए, इसके खतरों से वाकिफ होकर सस्थाएं इस क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को धन संबंधी समस्याएं नहीं आने देती हैं। इस क्षेत्र में करिअर बनाने के लिए सबसे जरूरी चीज है, डर पर नियंत्रण होना। खतरनाक जंगली जीवों से यदि आपको डर लगेगा तो इस क्षेत्र में काम नहीं कर पाएंगे।

### निर्णायक क्षमता जरूरी

इस क्षेत्र में करिअर बनाने के लिए निर्णायक क्षमता होना बहुत जरूरी है। वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ को सेकेंडों के अंदर निर्णय लेना होता है। ऐसे में यदि त्वरित निर्णय लेने की क्षमता नहीं हुई तो कभी-कभी वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ की जान तक चली जाती है। यदि वाइल्ड लाइफ से जुड़े शोध कार्यों में कैरिअर बनाने के इच्छुक हैं तो तमाम तरह के डाटा का संग्रह होने के साथ टेक्निकल राइटिंग स्किल्स का भी होना जरूरी है। शोधकार्यों में कई घंटों तक लगातार काम करना पड़ता है, इसलिए मेहनत का जज्बा होना भी काफी अहम होता है।

इन तमाम खूबियों के अलावा अच्छी संवाद क्षमता भी होनी चाहिए। वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ को अकसर ही विदेशी पर्यटकों या शोधकर्ताओं से संवाद स्थापित करना पड़ता है। ऐसे में यदि वह बातचीत में कुशल नहीं होगा तो अपने विचार और ज्ञान के बारे में लोगों को कैसे परिचित कराएगा। इसके अलावा आपको वाइल्ड लाइफ से जुड़ी हर तरह की जानकारी होनी चाहिए। रोमांच व साहस से भरे इस क्षेत्र में अकसर ही घर से बाहर जंगलों में रहना पड़ता है। इसलिए होमसिक होना आपकी सफलता में बाधक बन सकता है।

### शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए विज्ञान विषय से 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए और 12वीं के बाद बायोलॉजिकल साइंस से बीएससी की डिग्री जरूरी है। एग्रीकल्चर में बैचलर डिग्री भी इस क्षेत्र में प्रवेश दिला सकती है। फॉरेस्ट्री या इन्वायरमेंटल साइंस से भी स्नातक की डिग्री ली जा सकती है।

### शुरुआती पारिश्रमिक

निजी क्षेत्र में वाइल्ड लाइफ साइंटिस्ट को शुरुआती चरण में 30 से 40 हजार रुपये मासिक तनख्वाह मिलती है। इसमें डिविजन अधिकारी भी शामिल होते हैं। मध्य अवस्था तक पहुंचते-पहुंचते यह 80 हजार रुपए तक हो सकती है। पीएचडी डिग्री होल्डर एक वरिष्ठ वैज्ञानिक की एक लाख रुपये प्रतिमाह तक आय हो सकती है। इसके विपरीत एनजीओ या सरकारी विभाग में वाइल्ड लाइफ साइंस से जुड़े कर्मचारियों को काफी ऊंची तनख्वाह पर नौकरियां मिलती हैं।





# क्रिमिनल जस्टिस के तौर पर बनाएं सुनहरा भविष्य

वर्तमान में दुनिया में काफी अधिक संख्या में आपराधिक मामले बढ़े हैं, पुलिसिया कार्रवाई सख्त हुई है। ऐसे में, सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को सही न्याय मिलना किसी चुनौती से कम नहीं है। बेकसूर लोग भी कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने के लिए मजबूर होने लगे हैं। ऐसे में उन्हें इंसाफ दिलाने के अलावा अपराध और इसकी प्रवृति को लेकर जो अध्ययन किया जाता है वह क्रिमिनल जस्टिस के दायों में आता है। इनसे जुड़े लोगों की मांग इन दिनों काफी बढ़ी है। अभी तक यह विषय क्रिमिनोलॉजी के तहत आता था लेकिन अब अधिकतर संस्थानों और विश्वविद्यालयों में इसकी अलग से पढ़ाई होने लगी है। ऐसे में, क्रिमिनल जस्टिस एक सिस्टम है जो सामाजिक व्यवस्था बनाने, अपराध निर्धारित करने और कानून का उल्लंघन करने वालों की सजा निर्धारित करने का कार्य करता है। यह उन लोगों को सहायता भी प्रदान करता है जिन्हें किसी आपराधिक मामले में बेवजह फंसाकर उनकी जिदगी बर्बाद करने का कार्य किया जाता है। यदि आप क्रिमिनल जस्टिस में करियर बनाने के इच्छुक हैं तो इससे संबंधित डिग्री लेने के बाद आपके पास कई विकल्प हैं और प्रत्येक विकल्प में न सिर्फ कई तरह की नौकरियां हैं बल्कि कई नौकरियां का रास्ता विभिन्न क्षेत्रों के जरिए आगे बढ़ता है।

क्रिमिनल जस्टिस से जुड़े लोगों का वेतन उनकी नौकरी, शिक्षा और अनुभव के आधार पर तय की जाती है। हालांकि जब भी क्रिमिनल जस्टिस की बात होती है तो एकेडमिक्स और शोध की बात नहीं होती है बल्कि यह उन लोगों के लिए है जो एडवांस डिग्री हासिल करना चाहते हैं। साइकोलॉजी और फॉरेंसिक साइंस से जुड़े लोग भी इस फील्ड से जुड़ते हैं और अपने भविष्य को नई दिशा देते हैं।

## दो तरह के है ऑप्शन

सामान्य तौर पर क्रिमिनल जस्टिस करियर दो तरह का होता है, पहला एप्लायड क्रिमिनल जस्टिस और दूसरा थ्योरिटिकल क्रिमिनल जस्टिस। एप्लायड क्रिमिनल जस्टिस के तहत क्रिमिनल जस्टिस की प्रैक्टिकल ट्रेनिग आती है जबकि थ्योरिटिकल क्रिमिनल जस्टिस के तहत अपराध के व्यवहार और अपराध के प्रति समाज का व्यवहार यानी फॉरेंसिक साइकोलॉजी और क्रिमिनोलॉजी का अध्ययन किया जाता है।

## पाठ्यक्रम

क्रिमिनल जस्टिस क्रिमिनोलॉजी का एक हिस्सा है जो सामाजिक व्यवस्था के तहत अपराध, अपराध के कारण, आपराधिक व्यवहार और दूसरे मामलों का अध्ययन करता है। इससे संबंधित विभाग की शुरुआत 1916 में ब्रेकली स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में हुई थी। इस विषय का अध्ययन रिसर्च क्रिमिनोलॉजी, सोशियोलॉजी और साइकोलॉजी विषय से जुड़े लोग करते हैं। भारत में अधिकतर विश्वविद्यालयों में इसकी पढ़ाई क्रिमिनोलॉजी से संबंधित कोर्स के तहत होती है लेकिन अब कहीं-कहीं इससे संबंधित डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किया जाने लगा है। स्नातकोत्तर और पीजी डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन स्नातक की डिग्री के बाद लिया जा सकता है। कई बार लॉ की डिग्री होने के बाद भी आपको इससे संबंधित अतिरिक्त कोर्स करना पड़ सकता है। इसे पाने के बाद ही आप इस फील्ड में आ सकते हैं।



## नौकरी

यदि आपने क्रिमिनल जस्टिस में डिग्री हासिल की है तो आपके पास कैरियर के कई विकल्प सामने आते हैं। इससे संबंधित डिग्री लेने के बाद आप एयरपोर्ट सिक्योरिटी ऑफिसर, लॉ लाइब्रेरियन, रॉ एजेंट, अल्कोहल, टोबैके एंड फायर आर्म्स एजेंट, एटॉर्नी, मीडिया क्रिमिनोलॉजी, जुवेनाइल कोर्ट काउंसलर, मिलिट्री ऑफिसर, लॉ क्लर्क, नेवल इनवेस्टिगेटर, सेक्रेट सर्विस एजेंट, बॉर्डर पैट्रोल एजेंट, एनजीओ, टीचर, क्रिमिनोलॉजिस्ट आदि के तौर पर कार्य कर सकते हैं।

## जरूरी योग्यता

इस क्षेत्र में आप तभी आगे बढ़ सकते हैं जब आप में कुछ मौलिक गुण हो। सफल होने के लिए कोर्ट-कचहरी की भाषा लिखने और प्रस्तुत करने की क्षमता, अपराध को लेकर समाज की प्रतिक्रिया की समझ, तर्कशक्ति, शोध और साइंटिफिक मेथडोलॉजी क्षमता, आलोचनात्मक सोच, अपराध की प्रकृति की समझ, निर्णय लेने की क्षमता, साक्षात्कार लेने की क्षमता, मानविकी, समाजशास्त्र और नेचुरल साइंस का बैकग्राउंड, क्रिमिनल लॉ की जानकारी, कम्प्यूटर में दक्षता आदि जरूरी है।

## सलमान खान के शो में गर्दा उड़ा रहीं

# नीलम गिरी

## के 5 दमदार भोजपुरी गाने, जो यूपी-बिहार में खूब सुने जाते हैं







हिंदी टेलीविजन का मोस्ट पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस का 19वां सीजन इन दिनों कलर्स और जियो हॉटस्टार पर टेलीकास्ट हो रहा है. बिग बॉस 19 के 16 कंटेस्टेंट्स को लेकर फैंस एक्साइटेड भी हैं जो इस सीजन को मजेदार बनाने के लिए खूब मेहनत भी कर रहे हैं. सलमान खान इस बार भी बिग बॉस 19 को होस्ट कर रहे हैं, और जब उन्होंने शो के ग्रैंड प्रीमियर पर भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी को बुलाया तो सभी हैरान रह गए. कई कंटेस्टेंट्स के बारे में खबरें पहले आ गई थीं, लेकिन नीलम गिरी का आना सरप्राइज था.यूपी-बिहार के लोग तो नीलम गिरी को अच्छे से जानते हैं क्योंकि उन्हें खेसारी लाल और पवन सिंह के कई गानों में लटके-झटके दिखाते देखा गया. नीलम गिरी बिग बॉस 19 में अच्छा परफॉर्म कर रही हैं और कई लोग उनके गानों को यूट्यूब पर ढूंढ-ढूंढकर देख रहे हैं. नीलम गिरी के भोजपुरी गानों को यूट्यूब पर खूब पसंद किए जाते हैं, तो आइए आपको उनके कुछ सुपरहिट भोजपुरी गानों के बारे में बताते हैं.

'भीगे ना कजरिया': प्रवेश लाल ऑफिशियल म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर ये गाना रिलीज हुआ था. गाने को शिल्पी राज ने गाया और बोल प्यारे लाल यादव ने लिखे थे. गाने का म्यूजिक आर्या शर्मा ने तैयार किया था और गाने में नीलम गिरी के साथ दिनेश लाल यादव निरहुआ के छोटे भाई प्रवेश लाल यादव नजर आए.

'दिलवा ले गईले राजा': निरहुआ म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल पर ये गाना रिलीज किया गया था. गाने को शिल्पी राज ने गाया था और इसके बोल प्यारे लाल यादव लिखे थे. गाने का म्यूजिक आर्या शर्मा ने तैयार किया था और गाने में नीलम गिरी और प्रवेश लाल ही नजर आए थे.

'कमरिया में पीर': सारेगामा हम भोजपुरी के यूट्यूब चैनल पर ये गाना रिलीज किया गया था. खेसारी लाल यादव और शिल्पी राज की आवाज में ये गाना नीलम गिरी के साथ खेसारी पर फिल्माया गया था. इस गाने को निर्जला एनके ने लिखा और म्यूजिक मधुकर आनंद ने तैयार किया था.

'दरदे में गरदे': जीएमजे यूट्यूब चैनल पर ये गाना अपलोड किया गया था. गाने को खेसारी लाल यादव और करिश्मा कक्कड़ ने गाया जबकि इसे खेसारी और नीलम गिरी पर फिल्माया गया था. इस गाने को बोल अजय बच्चन ने लिखे थे और म्यूजिक आर्या शर्मा ने तैयार किया था.

'नथुनिया पे गोली मारे': टी-सीरीज हमार भोजपुरी यूट्यूब चैनल पर ये गाना रिलीज हुआ था. गाने को नीलकमल सिंह और शिल्पी राज ने गाया था, जबकि गाने को नीलकमल और नीलम गिरी पर फिल्माया गया था. इस गाने को बोल आशुतोष तिवारी ने लिखे और इसका म्यूजिक विनय विनायक ने तैयार किया था.

## 'लड़कियां हर हफ्ते बॉयफ्रेंड...' जब अक्षय कुमार से सगाई टूटने पर रवीना ने कही थी ये बात



बॉलीवुड के सबसे फेमस स्टार्स में से एक अक्षय कुमार ने अपनी फिल्मों के साथ ही आने अफेयर्स से भी खूब सुर्खियां बटोरी. ट्विंकल खन्ना से शादी करने के बाद भी उनका नाम प्रियंका चोपड़ा और कटरीना कैफ जैसी लेडी सुपरस्टार्स से जुड़ा था. वहीं शादी से पहले उनका नाम रवीना टंडन, शिल्पा शेट्टी, पूजा बत्रा और आयशा जुल्का के साथ जुड़ा था. उनके सबसे ज्यादा चर्चित अफेयर शिल्पा शेट्टी और रवीना टंडन के साथ थे.

बता दें कि रवीना टंडन और अक्षय कुमार ने तो सगाई भी कर ली थी. लेकिन, ट्विंकल खन्ना के लिए अक्षय ने रवीना टंडन को छोड़ दिया था. वो तो अपनी लाइफ में आगे बढ़ चुके थे. हालांकि रवीना, अक्षय से मिले धोखे को सहन नहीं कर पाई थीं. सगाई टूटने से उन्हें बहुत बड़ा झटका लगा था. इस मुद्दे को लेकर उन्होंने सालों बाद एक इंटव्यू में बात की थी.

**'मोहरा' के सेट पर परवान चढ़ा था इश्क**

अक्षय कुमार और रवीना का इश्क साल 1994 की सुपरहिट फिल्म 'मोहरा के सेट पर परवान चढ़ा था. इसमें सुनील शेट्टी के साथ रवीना और अक्षय भी लीड रोल में थे. रवीना ने बताया था कि मोहरा के जरिए हम एक हिट जोड़ी के रूप में सामने आ गए थे. आज भी जब हम किसी सोशल इवेंट में एक-दूसरे से मिलते हैं तो हम खूब बातें करते हैं.

**सगाई टूटने पर हुआ था ऐसा हाल**

अक्षय कुमार से सगाई टूटने के सवाल पर अभिनेत्री ने आगे कहा था, हर कोई आगे बढ़ जाता है. लड़कियां कॉलेज में एक-एक हफ्ते में बॉयफ्रेंड बदल लेती हैं, यहां पता नहीं क्यों मेरा दिमाग एक सगाई टूटने में ही अटका हुआ था. लोगों के तलाक हो जाते हैं और वो आगे बढ़ जाते हैं, इसमें क्या बड़ी बात है ?

**रवीना ने अनिल थडानी से की थी शादी**

बाद में अक्षय कुमार ने साल 2001 में एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना से शादी कर ली थी.

जबकि रवीना ने साल 2004 में फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी के साथ शादी करके घर बसाया था. अब दोनों दो बच्चों एक बेटे रणबीर और एक बेटी राशा के पैरेंट्स हैं. जबकि शादी से पहले ही रवीना ने पूजा और छाया नाम की दो बेटियों को भी गोद लिया था.

## 27 साल की लड़की, जिसके आगे 5 बार ढेर हुए अक्षय कुमार! 4 HIT के बावजूद हो गई थी बड़ी हार




90 के दशक में भी बॉलीवुड हीरोइनों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया. कभी लीड रोल में आकर हीरो के सामने छा गईं. तो कभी विलेन को टक्कर देती दिखीं. ऐसी कई एक्ट्रेस हैं, जिनकी फिल्मों के आगे शाहरुख खान, अक्षय कुमार, सलमान खान समेत बड़े-बड़े एक्टर्स की एक नहीं चली. आज बात करेंगे, उस एक्ट्रेस की, जिसने 31 साल पहले अक्षय कुमार को 2-4 नहीं, 5 बार जीतने से रोक दिया. उनकी एक फिल्म ब्लॉकबस्टर भी रही, बावजूद इसके वो पहले नंबर पर आने से चूक गए. इस एक्ट्रेस का साथ अक्षय कुमार के दोस्त ने ही दिया था.

यह बात है साल 1994 की. उस साल अक्षय कुमार की कई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुई. खास बात यह रही कि उनकी लगभग फिल्में हिट लिस्ट में शामिल थी. शुरुआत 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' से हुई, जो हिट रही थी. इसके अलावा अजय के साथ 'सुहाग', सैफ के साथ 'ये दिललगी', और 'ऐलान' शामिल है. पर एक फिल्म सब पर भारी पड़ गई.

**27 साल की लड़की के आगे एक न चली!**

दरअसल 1994 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'हम आपके हैं कौन' थी. जी हां, माधुरी दीक्षित और सलमान खान की जोड़ी को खूब प्यार मिला. प्रेम और निशा की फिल्म आज एक कल्ट क्लासिक बन गई है. लोग दोबारा दोनों को साथ में किसी पिक्चर में देखना चाहते हैं. 6 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर से 128 करोड़ का कारोबार किया था. हालांकि, जब यह फिल्म शूट हो रही थी, उस वक्त माधुरी महज 27 साल की थीं. वहीं अक्षय कुमार भी 27 साल के ही थे.

खास बात यह है कि इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी- मोहरा. जबकि माधुरी की फिल्म पहले नंबर पर. इतना ही नहीं, अक्षय कुमार की 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'सुहाग', 'ये दिललगी', और 'ऐलान' भी हिट रही थी. इन फिल्मों के बावजूद वो माधुरी से पीछे रह गए. वहीं, साल की तीसरी बड़ी फिल्म 'क्रांतिवीर' थी. जिसमें अक्षय कुमार की सास डिंपल कपाड़िया ने काम किया था. यानी एक तरह से माधुरी ने सास-दामाद को पटखनी दी.

**माधुरी की सबसे बड़ी फिल्म**

दरअसल माधुरी दीक्षित के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है- 'टोटल धमाल'. भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 155.67 करोड़ और वर्ल्डवाइड 232.18 करोड़ की कमाई की थी. पर अगर आप कमाई से हटकर देखेंगे, तो 'हम आपके हैं कौन' ने कई बड़े-बड़े रिकॉर्ड्स बनाए थे. अब भी एक्ट्रेस लगातार काम कर रही हैं. हालांकि, अब उनके पास अक्षय जितना काम नहीं है.

## 3100 करोड़ का मालिक है

# अमीषा पटेल

## का पहला हीरो, शादी के लिए मिले थे 30 हजार प्रपोजल



अमीषा पटेल बॉलीवुड की एक जानी-मानी एक्ट्रेस हैं. साल 2023 में उन्होंने फिल्म 'गदर 2' के जरिए बॉलीवुड में दमदार वापसी की थी. इस पिक्चर ने दुनियाभर में 700 करोड़ रुपये की कमाई की थी और एक बार फिर से एक्ट्रेस पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया था. हालांकि अमीषा का करियर ज्यादा सफल नहीं रहा है. शुरुआत में उन्होंने गजब की लोकप्रियता हासिल की थी और पहली ही फिल्म से स्टार बन गई थीं. लेकिन, फिर वो धीरे-धीरे बॉलीवुड से गुमनाम होती चली गईं. जबकि उनके पहले हीरो तो आज तक बॉलीवुड में धूम मचा रहे हैं.अमीषा पटेल अपनी पहली ही फिल्म से रातोंरात स्टार बन गई थीं. इसके बाद भी उन्होने कुछ बेहतरीन फिल्में दी थीं. हालांकि उनका करियर उड़ान नहीं भर सका. दूसरी ओर उनके पहले हीरो को जो स्टारडम हासिल हुआ था वो आज तक बरकरार है. तो चलिए जान लेते हैं कि अमीषा के पहले हीरो कौन हैं और वो कितने दौलतमंद हैं ?



कौन है 3100 करोड़ी सुपरस्टार?

**अमीषा ने इस फिल्म से किया था डेब्यू**

अमीषा पटेल ने साल 2001 में आई फिल्म 'गदर' से हर किसी का दिल जीत लिया था. लेकिन, इससे पहले वो ऐसा ही जादू फिल्म 'कहो ना प्यार है' से भी चला चुकी थीं. ये उनकी पहली फिल्म थी. साल 2000 में आई इस पिक्चर में उनके साथ ऋतिक रोशन ने लीड रोल प्ले किया था. ये अमीषा के साथ ही ऋतिक की भी पहली फिल्म थी. दोनों ही अपनी डेब्यू पिक्चर से रातोंरात स्टार बन गए थे. ऋतिक का जादू तो तब से लेकर अब तक बरकरार है और वो लगातार फिल्में कर रहे हैं. फिल्म की सक्सेस के बाद ऋतिक को शादी के 30 हजार प्रपोजल मिले थे.

**3130 करोड़ की नेटवर्थ के मालिक हैं ऋतिक**

ऋतिक का करियर अमीषा की तुलना में बहुत ज्यादा सफल रहा है. उन्होंने दुनियाभर में अपनी एक्टिंग, लुक्स और डांस से खास और बड़ी पहचान बनाई है. इन दिनों फिल्म वॉर 2 में नजर आ रहे ऋतिक ने अपने करियर में 'सुपर 30', 'बैंग बैंग', 'कृष 3', 'अग्निपथ', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', 'धूम 2', 'कृष', 'कोई मिल गया', 'कभी खुशी कभी गम' और 'फिजा' जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं. वहीं उनकी नेटवर्थ की बात करें तो अभिनेता 3130 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं.